* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

17 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 120

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


स्वरा भास्कर ने सपा नेता फहाद से शादी की








## भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

# एक्जिट पोल पर लगी रोक

### ■ रामगढ़ उपचुनाव भी दायरे में आया | ■ 27 फरवरी तक के लिए लगाया गया है प्रतिबंध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों में होने वाले चुनाव और उपचुनाव के एक्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध 16 फरवरी सुबह 7 बजे से 27 फरवरी की शाम 7 बजे तक के लिए लगायी गयी है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत कोई भी मीडिया चुनाव पर इस दौरान एक्जिट पोल नहीं दिखा सकेगा। इस प्रतिबंध के दायरे में रामगढ़ विधानसभा में हो रहा उप चुनाव भी आ गया है। रामगढ़ में 27 फरवरी को वोट डाले जायेंगे।

### 16 से 27 परवरी तक रहेगा प्रतिबंध

अधिसूचना में यह स्पष्ट किया गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126क की उप धारा (1)के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन आयोग उक्त धारा की उप-धारा 2 के उपबंधों के दृष्टिगत मतदान के दिन 16 फरवरी सुबह 7 बजे से 27 फरवरी की शाम 7 बजे के बीच की अवधि में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन में या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय के समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा। इस अधिसूचना में यह निर्दिष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित किया जाए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा।




### एक्जिट पोल के लिए तारीख और समय निर्धारित

इस अधिसूचना में एक्जिट पोल के लिये तारीख और समय को भी अधिसूचित किया गया है। जिसमें साधारण निर्वाचन की दशा में वह अवधि मतदान के मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से प्रारंभ हो सकेगी और सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक जारी रह सकेगी, परंतु भिन्न-भिन्न दिनों पर एक साथ कराये जाने वाले अनेक उप निर्वाचनों की दशा में वह अवधि मतदान के पहले दिन को मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से प्रारंभ हो सकेगी और अंतिम मतदान समाप्त होने के पश्चात आधे घंटे तक जारी रह सकगी।

### इन राज्यों में हो रहा है चुनाव

मेघालय, नागालैंड एवं त्रिपुरा विधानसभाओं के साधारण निर्वाचनों एवं घोषित उपचुनाव 2023 के लिये झारखंड के रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, अरूणाचल प्रदेश के लुम्ला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, तमिलनाडु के इरोड(पूर्व) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के सागरदीघी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और महाराष्ट्र के कसबा पेठ एवं चिंचवड विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु कार्यक्रम की घोषणा की गयी है।

### उल्लघंन करने पर सजा का प्रावधान

अधिसूचना में इसके उल्लघंन के मामले में सजा के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि ऐसा कोई व्यक्ति जो इस धारा के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, उसे 2 वर्ष तक की सजा होगी या जुर्माना लगेगा या दोनों से दंडनीय होगा।

## पलामू तनाव : धारा 144 जारी, इंटरनेट सेवा बंद

# पूर्व मुखिया सहित 13 लोग गिरफ्तार, भेजे गये जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पलामू।** पलामू के पांकी में बुधवार की सुबह दो समुदाय में झड़प हुई थी। जिसमें कई पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग घायल हुए थे। घटना के बाद से ही इलाका पुलिस छावनी में तब्दील है। वहीं पलामू पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार लोगों में पूर्व मुखिया भी शामिल है। इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है और धारा 144 लगाया गया है। इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया गया है।



गौरतलब है कि बुधवार की सुबह पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के मस्जिद चौक पर शिवरात्रि के मौके पर तोरण द्वार निर्माण को लेकर दो समुदाय के लोगों में झड़प हुई थी। बात इतनी बढ़ गयी पत्थरबाजी, तोड़फोड़ और आगजनी की गयी। तोरण द्वारा बनाने के मामले को लेकर दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने थे। उपद्रवियों ने आधा दर्जन दुकानों और एक दर्जन से अधिक वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। वहीं, तीन घरों में भी आग लगा दी। तनाव बढ़ता देख घटनास्थल को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। पूरे पांकी में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। स्थिति को सामान्य करने के लिए प्रशासन ने धारा 144 लगा दिया साथ ही जिले में इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया गया है।

क्षेत्र में गुरुवार को स्थिति शांतिपूर्ण रही, लेकन तनाव बना हुआ है। पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस तैनात है। अभी तक इंटरनेट सेवा को बहाल नहीं किया गया है।

आइजी राजकुमार लकड़ा और पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने लोगों से शांति बनाने रखने की अपील की है। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से निगाह रखे हुए है। प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस के पदाधिकारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। लोग अफवाह से बचें। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# देवघर में शिव बारात में पाबंदियों पर हाइकोर्ट में आज होगी सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देवघर में शिव बारात पर पाबंदियों के खिलाफ हाइकोर्ट में दायर याचिका पर शुक्रवार यानी आज को सुनवाई होगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार की खंडपीठ में यह मामला सूचीबद्ध हुआ है। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने जिला प्रशासन के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है। जिला प्रशासन ने शिव बारात में हाथी-घोड़ा शामिल नहीं करने, अधिकतम ऊंचाई 12 फीट रखने के साथ-साथ बारात को लेकर रूट में बदलाव का भी फरमान जारी किया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी शिव बारात से जुड़े नियमों और रूट से संबंधित नोटिफिकेशन के खिलाफ गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। जिला प्रशासन के निर्देश के खिलाफ शिव बारात आयोजन समिति ने आपत्ति दर्ज करायी है। शिव बारात से पाबंदियां हटाने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अब सभी की नजर हाइकोर्ट के फैसले पर टिकी हुई है।






### त्रिपुरा में वोटिंग खत्म 76.68% हुआ मतदान

**अगरतला (आजाद सिपाही)।** त्रिपुरा की 60 विधानसभा सीटों पर गुरुवार सुबह 7 बजे से जारी वोटिंग अब खत्म हो गयी। शाम 5 बजे तक 76.68% मतदान हुआ। हालांकि इस डाटा में थोड़ी-बहुत तब्दीली हो सकती है। चुनाव के नतीजे 2 मार्च को आयेंगे। इससे पहले 2018 में त्रिपुरा में 90% मतदान हुआ था और सरकार भाजपा ने बनायी थी। इस बार राज्य में कुल 3,337 पोलिंग बूथ बनाये गये थे। सिंगल फेज में हुए चुनाव में राज्य की 28.13 लाख जनता ने 259 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया। यह चुनाव 2023 का पहला चुनाव है। उधर, भाजपा-कांग्रेस को ट्विटर पर वोटिंग अपील करना भारी पड़ गया। चुनाव आयोग ने दोनों दलों को आचार संहिता उल्लंघन के मामले में नोटिस भेजा है।

# आजसू नेता की हत्या से जनाक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**भदानी नगर।** आजसू पार्टी के नेता मनोज मुंडा के सिर में तीन गोली मारकर हत्या कर दी गयी। जानकारी के अनुसार झांजीटोली में अपराधियों ने बुधवार देर शाम चिट्टो निवासी मनोज मुंडा हाट में मुर्गा लड़ाई देखने गया था। इसी दौरान तीन लोग उसे पकड़ कर हाट से दूर ले गये और उसके सिर पर तीन गोलियां मार दी।




इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी, सर्किल इंस्पेक्टर रोहित महतो, भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गाशंकर मंडल, बासल प्रभारी अमर शुक्ला, पतरातू प्रभारी गौतम कुमार और बरकाकाना प्रभारी शशि प्रकाश के साथ सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी लेने के बाद पुलिस हमलावरों की तलाश में छानबीन कर रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि मनोज मुंडा अपने मित्रों के साथ बैठे थे, तभी वहां तीन लोग आये और उसे जबरन किनारे ले गये। थोड़ी देर के बाद उन्होंने तीन गोलियों की आवाज सुनी। जब वे वहां पहुंचे, तो देखा मनोज जमीन पर लहुलुहान पड़ा है। उसे रिम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मनोज मुंडा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कहा कि जल्द ही हत्यारों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

मृतक मनोज मुंडा की पत्नी मालती देवी ने बताया कि जेपीसी संगठन द्वारा 3 जनवरी को फोन से रंगदारी मांगा गया था और 10 जनवरी को लोवाडी के जंगल में मिलने का बात हुई थी। हमलोग रांची में देहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। मृतक मनोज मुंडा अपने पीछे अपना परिवार छोड़कर चला गया। बड़ी बेटी प्रीति कुमारी (14 वर्ष) दो बेटे आयुष कुमार (10 वर्ष) विवेक कुमार (7 वर्ष) हैं। इसी वर्ष बहन रीता कुमारी की शादी तय हुई थी, जिसका 16 तारीख को छेका होना था। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

### आजसू पार्टी ने दी आंदोलन की चेतावनी

वहीं आजसू पार्टी ने पतरातू प्रखंड कमेटी पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में प्रखंड उपाध्यक्ष दिवंगत मनोज मुंडा की हत्या पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो पार्टी सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगी। आजसू कार्यकर्ताओं ने दिवंगत मनोज मुंडा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।



## राजस्थान से देश में 'जल जन अभियान' की प्रधानामंत्री ने की शुरुआत

# पानी कमी को लेकर दुनिया भारत को देख रही : नरेंद्र मोदी

● जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करना मिशन का उद्देश्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**आबूरोड (सिरोही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान से गुरुवार से 'जल जन अभियान' की शुरूआत की। वाटर हार्वेस्टिंग के साथ पेड़ लगाने और जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करना इस मिशन का उद्देश्य है। मोदी ने आबूरोड (सिरोही) के ब्रह्मकुमारीज संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े। उन्होंने कहा कि यह मिशन ऐसे समय शुरू हो रहा है, जब पानी कमी को लेकर दुनिया भारत को देख रही है। जल है तो कल है, इसके लिए हमें आज से ही सोचना है।



मोदी ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक संस्थाओं की जल अभियान में बड़ी भूमिका है। बीते दशकों में हमारे यहां एक नकारात्मक सोच बन गयी थी कि हम जल संरक्षण और पर्यावरण जैसे विषयों को मुश्किल मानकर छोड़ देते थे। यह सोचते थे कि यह काम नहीं किया जा सकता। बीते आठ साल में यह मानसिकता बदली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इंटरनेशनल मिलेट ईयर भी मना रहा है। हमारे देश में बाजरा, ज्वार सदियों से खान-पान का हिस्सा रहे हैं। इनकी खेती में पानी भी कम लगता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग भोजन में मोटे अनाजों को शामिल करें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के ऋषियों ने हजारों सालों से प्रकृति से मिलने वाली चीजों के संरक्षण का संदेश दिया है। इसलिए हम जल को देव की संज्ञा देते हैं। नदियों को मां मानते आये हैं। हमारी संस्कृति प्रकृति और इंसान के बीच मानवीयता का रिश्ता जोड़ती है। उन्होंने कहा कि 'नमामि गंगे' अभियान देश के विभिन्न राज्यों के लिए मॉडल बनकर उभर रहा है। गिरता भूजल स्तर पर भी चिंता का विषय है, इसलिए कैच द रेन मूवमेंट शुरू किया है। उन्होंने कहा कि देश की हजारों ग्राम पंचायतों में अटल भूजल योजना का काम किया जा रहा है।

### जल-जन अभियान का उद्देश्य

- जल प्रबंधन द्वारा जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागृति उत्पन्न करना।
- लोगों को उनके पास उपलब्ध भूमि में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम द्वारा जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना।
- जल संरक्षण के पारंपरिक स्रोतों जैसे तालाब की खुदाई तथा नाला या ढलान वाली भूमि पर छोटे-छोटे जल संग्रह बनाने के लिए प्रेरित करना।
- लोगों को खाली पड़ी भूमि एवं खेतों के किनारे पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना।
- फव्वारा (स्प्रिंकलर) विधि से सिंचाई करके जल की बचत करने के लिए किसानों को प्रेरित करना।
- राजयोग मेडिटेशन द्वारा लोगों में जल संरक्षण के प्रति सकारात्मक चेतना उत्पन्न करना।
- जल संरक्षण के प्रति जागृति उत्पन्न करने के लिए सेमिनार आयोजित करना।
- स्कूल/कॉलेज के विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागृति उत्पन्न करने के लिए निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।
- जल संरक्षण मेले का आयोजन करके किसानों एवं ग्रामीणों को जल-संरक्षण के प्रति जागरूक करना।
- धार्मिक व समाजसेवी संस्थाएं, युवाओं और महिलाओं की जल संरक्षण के प्रति जागृति लाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।
- प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया द्वारा जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना।
- हर घर में जल संरक्षण के प्रति जागृति लाना।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube


सर्राफा
सोना (बिक्री) 53,400 रु./10 ग्राम
चांदी 69,000 रु./प्रति किलो



# सनातन धर्म को नीचा दिखाने की कोशिश क्यों करते हैं मुस्लिम धर्मगुरु

## आखिर कौन सा नैरेटिव गढ़ना चाहते हैं मौलाना अरशद मदनी : माफी मांगने के बावजूद इस मुद्दे को तो सुलगा ही दिया मौलाना ने

**दुनिया के एक सौ सर्वाधिक प्रभावशाली मुसलमानों की सूची में शामिल जमीयत उलेमा-ए-हिंद के मौलाना अरशद मदनी ने एक बार फिर सनातन धर्म और उसके प्रतीकों को लेकर विवादित बयान दिया। इस विवादित टिप्पणी के बाद भारत में इस्लाम के आगमन पर एक नयी बहस छिड़ गयी और साथ में सनातन धर्म के प्रति इस्लामी धर्मगुरुओं का नजरिया भी साफ हो गया। आपको बता दें, जमीयत उलेमा-ए-हिंद की आमसभा में उन्होंने इस्लाम पर खूब बड़ी-बड़ी बातें कीं। मौलाना मदनी ने कहा कि जब न श्रीराम थे और न शिव, तो मनु किसकी पूजा करते थे। इतना ही नहीं, उन्होंने यहां तक कह दिया कि इस्लाम ही दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है। उन्होंने 'ओम' और 'अल्लाह' को एक बताते हुए कई और विवादित बातें कहीं। उनके इस बयान पर जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि भड़क गये और मंच से नीचे उतर गये। उन्होंने कहा कि वह अपनी आंखों के सामने अपने धर्म और संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता। इतना ही नहीं, उन्होंने मौलाना मदनी को इस मुद्दे पर शास्त्रार्थ करने की चुनौती भी दे डाली। विवाद बढ़ता देख कर मौलाना मदनी ने अपने बयान पर माफी भी मांग ली। लेकिन यहां सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर ये कथित धर्मगुरु सनातन धर्म के बारे में विवादित टिप्पणी क्यों करते हैं। मौलान मदनी के माफी मांगने से उनके द्वारा पैदा किया विवाद फिलहाल शांत तो हो गया है, लेकिन इसने एक सवाल तो खड़ा कर ही दिया है कि आखिर यह मौलाना क्या नैरेटिव गढ़ना चाहते हैं। आखिर क्यों इन्हें बार-बार झूठा नैरेटिव गढ़ने की जरूरत पड़ती है। इन सवालों का जवाब तलाश रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

दुनिया भर में करीब एक करोड़ अनुयायियों को इस्लाम का पाठ पढ़ानेवाले सर्वाधिक प्रभावशाली मुसलमानों की सूची में शामिल धर्मगुरु मौलाना अरशद मदनी ने एक बार फिर सनातन धर्म के बारे में विवादित और अनावश्यक टिप्पणी कर नया विवाद पैदा कर दिया है। उन्होंने इस्लाम को दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म बताते हुए यहां तक कह दिया कि 'ओम' और 'अल्लाह' एक है। उन्होंने इस्लाम को पूरी तरह भारत का धर्म बताया। बकौल मदनी, इस्लाम सभी धर्मों में सबसे पुराना है। इस्लाम भारत का ही मजहब है और सारे मजाहिद और सारे धर्मों में सबसे पुराना मजहब है। इस्लाम के आखिरी इसी दिन को मुकम्मल करने के लिए तशरीफ लाये थे।

मौलाना मदनी के इस बयान पर काफी हंगामा हुआ। जिस मंच से वह यह बयान दे रहे थे, वहां मौजूद जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि तत्काल यह कहते हुए बाहर निकल गये कि वह अपनी आंखों के सामने अपने धर्म और संस्कृति का अपमान सहन नहीं कर सकते। मौलाना मदनी के बयान पर हंगामा बढ़ता ही गया। इसे देखते हुए मौलाना ने अपने बयान पर माफी मांग ली और अपना बयान वापस ले लिया।

लेकिन मौलान मदनी के माफी मांगने से या बयान वापस लेने से इस विवाद का अंत नहीं हुआ है। मौलान मदनी के बयान ने एक बड़ा सवाल यह पैदा किया है कि आखिर इस्लामी धर्मगुरु बार-बार ऐसा विवादित बयान क्यों देते हैं और वे क्या नैरेटिव गढ़ना चाहते हैं। मौलाना मदनी द्वारा माफी मांगने से एक बात तो साफ हो गयी है कि उन्होंने जो बयान दिया था, वह सरासर झूठ था और उसका कोई आधार नहीं था। उन्होंने केवल इस्लाम की झूठी बड़ाई की थी। इसलिए उनके बयान पर बहुत आश्चर्य है कि एक नैरेटिव गढ़ने के लिए वह झूठ भी बोलते हैं, और वह भी इतनी सफाई से। अपने झूठ को पुख्ता बनाने के लिए वह पैगंबर मोहम्मद का भी हवाला देते हैं।



दरअसल आज भारत की हकीकत यही है कि यहां इस समय नैरेटिव गढ़ने का दौर चल पड़ा है। कभी-कभी लगता है कि 21वीं सदी विकास के लिए कम, नैरेटिव के लिए जरूर अधिक याद की जायेगी।

लौटते हैं मौलाना मदनी पर। इसकी पृष्ठभूमि में थोड़ा इतिहास के पन्ने पलटने होंगे। यह पिछली शताब्दियों की ही बात है, जब मैक्समूलर, विलियम हंटर और लॉर्ड टॉमस बैबिंग्टन मैकॉले, इन तीन लोगों के कारण भारत के इतिहास का विकृतिकरण आरंभ हुआ। इन्होंने भी अपने हित को देखते हुए एक नैरेटिव रचा और भारत के तथाकथित बुद्धिमान उसके चक्र में फंस गये। अंग्रेजों ने कहना शुरू किया, भारतीय इतिहास की शुरुआत सिंधु घाटी की सभ्यता से हुई है। फिर कहा कि सिंधु घाटी के लोग द्रविड़ थे। आर्यों ने बाहर से आकर सिंधु सभ्यता को नष्ट करके अपना राज्य स्थापित किया। 1500 इसा पूर्व से 500 इस्वी पूर्व के बीच के काल को अंग्रेजों ने आर्यों का काल घोषित कर दिया। अंततः समाज में यह भ्रांति फैलती गयी की आर्यों ने द्रविड़ों की सिंधु सभ्यता को नष्ट कर दिया। आर्य घोड़े पर सवार होकर आये और उन्होंने भारत पर आक्रमण कर यहां के लोगों पर शासन किया। तात्पर्य यह कि 1500 इसा पूर्व घोड़े के बारे में सिर्फ आर्य ही जानते थे, जबकि तथ्य यह है कि मध्य पाषाण काल का युग 9000 इसा पूर्व से 4000 इसा पूर्व के बीच था। इस काल में व्यक्ति शिकार करने के साथ ही पशुओं को पालने लगा था। घोड़े उस समय भी पाले जाते थे।

वास्तव में मौलाना मदनी भी बड़ी चालाकी से झूठी 'आर्यन इन्वेजन थ्योरी' की तरह यह धारणा बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि इस्लाम दुनिया का सबसे पुराना धर्म है। इसमें भी गजब यह है कि खुले साक्ष्यों के बावजूद शब्दों का जादू दिखा रहे हैं।

कोई मदनी जी से पूछे, दारुल-हरब और दारुल-इस्लाम की कल्पना क्या है? इनकी ही मान्यतानुसार कुरान मजीद में पहले नबी, धरती के पहले मनुष्य आदम थे। अब तक कुरान के अनुसार अनगिनत नबी हुए हैं। कुरान यहूदियों के अब्राहम, मूसा को और इसाइयों के जीसस को नबी बताती है। लेकिन यहूदी और इसाइ आज भी इस्लाम की नजरों में अलग मत हैं। आखिर ऐसा क्यों? घोर आश्चर्य है कि महमूद मदनी जैसे लोग कुरान मजीद के आधार पर दूसरों के पूर्वजों को अपना पूर्वज तो स्वीकारते हैं, किंतु उनकी मान्यताओं को नहीं स्वीकारते।

### कौन हैं मौलाना अरशद मदनी

**जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना असद मदनी थे। उनका 2008 में इंतकाल हो गया था। इसके बाद जमीयत की अगुआई को लेकर जमीयत उलेमा-ए-हिंद के मौजूदा चीफ महमूद मदनी का अपने चाचा मौलाना अरशद मदनी से विवाद हो गया। लंबे झगड़े के बाद जमीयत दो हिस्सों में बंट गयी। एक गुट की अगुआई महमूद मदनी और दूसरे गुट की अगुआई अरशद मदनी करने लगे। दोनों ने अपनी-अपनी जमीयत उलमा-ए-हिंद का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद ले लिया था। हालांकि पिछले साल दोनों में सुलह हो गयी थी। जमीयत उलेमा-ए-हिंद भारत के अग्रणी इस्लामिक संगठनों में से एक है। यह देवबंदी विचारधारा से प्रभावित है। इसकी स्थापना साल 1919 में हुई थी। कहा जाता है कि देशभर में जमीयत के एक करोड़ से अधिक अनुयायी हैं। मौलानी मदनी के विवादित बयान के बाद अब एक बार फिर सनातन और इस्लाम की बीच की खाई नये सिरे से चौड़ी होती हुई दिख रही है। इसलिए उनके माफी मांगने के बावजूद उनके संगठन पर सवालिया निशान तो लगाया ही जा सकता है।**

## इडी कोर्ट में सशरीर हाजिर हुईं पूजा सिंघल आरोप गठन पर सुनवाई एक मार्च को होगी



**रांची (आजाद सिपाही)।** मनी लाउंड्रिंग मामले की आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल इडी की विशेष कोर्ट में सशरीर हाज़िर हुईं। इस दौरान उनके अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि चार्जफ्रेम के बिंदु पर सुनवाई के लिए समय दिया जाये। इसके बाद न्यायालय ने चार्जफ्रेम (आरोप गठन) के लिए सुनवाई की तिथि एक मार्च के लिए निर्धारित की है। बता दें कि पिछले दिनों मनी लॉउंड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने रांची इडी की कोर्ट में याचिका दाखिल कर अपने केस से जुड़े दस्तावेज मुहैया कराने की मांग की थी। उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता स्नेह सिंह ने पक्ष रखा। निलंबित आइएएस पूजा सिंघल फिलहाल अंतरिम जमानत मिलने के बाद न्यायिक हिरासत से बाहर हैं।

## इडी ने हाइकोर्ट से पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव मामले में जवाब के लिए मांगा समय

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में गुरुवार को पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। हाइकोर्ट ने मामले में इडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। इडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गयी थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 13 मार्च निर्धारित की है। जमानत याचिका में उनकी ओर से कहा गया है, उन्हें जिस मामले में जिस केस में इडी ने आरोपित बनाया है, उसमें यह शामिल नहीं है। बरहरवा थाने में दर्ज कांड संख्या 85/2020 में इनका नाम नहीं है। इनके खिलाफ जितने भी केस है उसमे उन्हें जमानत मिल गयी है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बच्चू यादव की जमानत अर्जी इडी कोर्ट पूर्व में खारिज कर चुकी थी। बच्चू यादव की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार ने जमानत याचिका दायर की है। उल्लेखनीय है कि बच्चू यादव को इडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इसके बाद 11 अगस्त को उसे न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया था। इडी की ओर से बच्चू यादव, प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल हो चुकी है। इडी की टीम ने पत्थर व्यवसायी बच्चू यादव को चार अगस्त को गिरफ्तार किया था।

## एनआइए ने झारखंड पुलिस से इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का किया अनुरोध

**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ( एनआइए) झारखंड पुलिस से इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है। इसको लेकर एनआईए ने झारखंड पुलिस के डीजीपी समेत सभी राज्य के डीजीपी को पत्र लिखा है। एनआइए के द्वारा पत्र लिख कर सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है।

**रांची समेत अन्य ब्रांच में होगी पोस्टिंग :** एनआइए के द्वारा लिखे गये पत्र में कहा गया है कि इंस्पेक्टर के 28 पद और सब इंस्पेक्टर के 90 पद पर पोस्टिंग की जायेगी। ये पोस्टिंग एनआईए के दिल्ली, रांची, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कोच्चि, रायपुर, चंडीगढ़, इंफाल, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, पटना और अहमदाबाद में जायेगी। प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले पुलिसकर्मी 27 फरवरी से पहले अपना फॉर्म भरकर जमा कर दें। इसके बाद किसी भी उम्मीदवार को मौका नहीं दिया जायेगा।

### राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय का रांची में गोलमेज सम्मेलन

# औद्योगिक इकाइयों को वेबपोर्टल पर विवरणियां भरने का दिया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अच्छी पॉलिसी बनाने के लिए सटीक डाटा की जरूरत होती है। इसलिए उद्यमी सर्वे में हिस्सा लें और समय से ईमानदारी पूर्वक मांगी गयी जानकारी दें। सही तथ्यों से औद्योगिक विकास के लिए बेहतर नीति बनाने में मदद मिलेगी। अभी हमारा भारत विकासशील से विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है। ये बातें गुरुवार को राजस्व बोर्ड के अध्यक्ष डॉ अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कही। वे राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय की ओर से वार्षिक औद्योगिक सर्वे 2020-21 को लेकर उद्यमियों के साथ एकदिवसीय गोलमेज सम्मेलन रांची में बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एन संगीता उप महानिदेशक राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), रांची ने की। उन्होंने सर्वेक्षण के सफल संचालन के लिए उद्योगपतियों के सहयोग के महत्व पर जोर दिया। सर्वेक्षण से एकत्र डाटा का उपयोग राष्ट्रीय आय के अनुमान, औद्योगिक संरचना के अध्ययन, योजना, नीति निर्माण और तेजी से औद्योगिक विकास के लिए नीतियां बनाने में किया जाता है। इसके जरिए पूंजी, रोजगार की स्थिति, कच्चा माल, इनपुट- आउटपुट अनुपात, मूल्यवर्धन, श्रम, टर्नओवर, जीएसटी आदि से संबंधित डेटा एकत्रित किया जाता है। सर्वेक्षण से एकत्रित जानकारी का उपयोग सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए होता है। सकल घरेलू उत्पाद में औद्योगिक क्षेत्र के योगदान का अनुमान लगाने और औद्योगिक विकास के लिए नीतियां बनाने में सरकार की मदद करने के लिए किया जाता है। रोशन लाल मीणा उपनिदेशक ने अखिल भारतीय एवं झारखंड राज्य स्तर पर प्रकाशित वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण की विशेषताओं पर चर्चा की।




अल्बर्ट केरकेट्टा एवं पुरुषोत्तम अग्रवाल, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों ने औद्योगिक इकाइयों को वेब पोर्टल पर विवरणियां भरने का प्रशिक्षण दिया। सी. सत्यम, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ने सांख्यिकी संग्रहण एक्ट 2008 पर विस्तृत चर्चा किया। विनय कुमार, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ने विवरणियों भरने की समस्याओं एवं उनके निराकरण की व्याख्या की। मंच का संचालन सदानंद वर्णवाल, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ने दिया।

# झारखंड में मैट्रिक के टॉपर को मिलेंगे तीन लाख रुपये

**द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र को क्रमशः दो और एक लाख दिये जायेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक की परीक्षा में टॉप करने वाले छात्रों की इनामी राशि बढ़ा दी गयी है। अब जैक 10वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को 1 लाख की जगह 3 लाख दिये जायेंगे, जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले को क्रमशः दो और एक लाख दिये जायेंगे। यह घोषणा राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने रांची के मोरहाबादी मैदान में की है। वे मुख्यमंत्री सहाय योजना में शिरकत करने आये थे।

**इससे पहले कितनी थी प्राइज मनी :** साल 2020 में शिक्षा मंत्री ने झारखंड एकेडिमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप करने छात्र के लिए एक लाख रुपये देने की घोषणा की थी, जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान पानेवाले छात्र को क्रमशः 75 हजार और 50 हजार रुपए देने की बात कही थी। साथ ही साथ उन्होंने टॉपर छात्र-छात्राओं को गोद में लेकर पढ़ाई का खर्च उठाने एवं 75 फीसदी से अधिक अंक लाने वालों को साइकिल देने का ऐलान किया था।



**2023 की मैट्रिक इंटर परीक्षा में आठ लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल :** आपको बता दें कि साल 2023 की मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में लगभग आठ लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। मैट्रिक की परीक्षा में लगभग 4.50 लाख और इंटर में 3.50 लाख परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ी है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने परीक्षा का कार्यक्रम पहले जारी कर दिया है।

### 14 मार्च से शुरू होगी मैट्रिक परीक्षा

गौरतलब है कि मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 14 मार्च से होने वाली है। मैट्रिक की परीक्षा 3 अप्रैल तो वहीं इंटर की परीक्षा 5 अप्रैल तक चलेगी।

बता दें कि परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड 28 जनवरी और इंटर के छात्रों का 30 जनवरी को जारी हो गया। इस वर्ष शत-प्रतिशत पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षा ली जानी है। उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अप्रैल में शुरू होगा, जबकि 15 जून तक रिजल्ट जारी कर दिया जायेगा।

## जदयू के झारखंड प्रभारी डॉ अशोक चौधरी 20 फरवरी को आयेंगे रांची



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश जनता दल (यू) के प्रभारी सह बिहार के भवन निर्माण विभाग मंत्री डॉ अशोक चौधरी 20 फरवरी को तीन दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। इसके अलावा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह नेता, लोकसभा राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी भी 22 फरवरी को रांची पहुंचेंगे। वे विमान के जरिए दोपहर 12:45 बजे बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर पहुंचेंगे। झारखंड प्रदेश जदयू (यू) के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि प्रभारी और राष्ट्रीय अध्यक्ष के रांची आगमन को लेकर पार्टी की ओर से तैयारियां की जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश जदयू (यू) की ओर से अपने दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया जायेगा।

## हाइकोर्ट के आदेश से प्रभावित होगी गोड्डा में होम गार्ड की बहाली



**रांची (आजाद सिपाही)।** गोड्डा जिले में होम गार्ड बहाली को लेकर दाखिल याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में दायर याचिका के फैसले से नियुक्तियां प्रभावित होंगी। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव अभिषेक और प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता पीपीएन रॉय और अधिवक्ता रंजन प्रसाद ने पक्ष रखा. हाईकोर्ट अब इस मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद करेगा। बता दें कि वर्ष 2009 में गोड्डा जिले में होम गार्ड भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसके बाद अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करते हुए बहाली के लिए दौड़ की करवाई गयी, लेकिन अब तक नियुक्ति नहीं हुई। इसके बाद वर्ष 2018 में एक बार फिर 529 होम गार्ड की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी। इसके खिलाफ वैसे लोगों ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है, जिन्होंने वर्ष 2009 की नियुक्ति प्रक्रिया में हिस्सा लिया था। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव अभिषेक और प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता पीपीएन रॉय और अधिवक्ता रंजन प्रसाद ने पक्ष रखा। हाइकोर्ट अब इस मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद करेगा।

## टीपीसी कमांडर बीरबल गंझू को हाइकोर्ट से बेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने टीपीसी कमांडर बीरबल गंझू को जामनत की सुविधा प्रदान की है. झारखंड हाईकोर्ट में बीरबल गंझू की ओर से नियमित जमानत के लिए बेल अर्जी दाखिल की गयी थी। दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने उसे जमानत दे दी है। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में बीरबल गंझू की बेल पर सुनवाई हुई। बीरबल गंझू की ओर से अधिवक्ता सब्यसांची ने अदालत में पक्ष रखा। यह मामला चतरा जिले के टंडवा थाना से जुड़ा हुआ है, जिसमें बीरबल गंझू पर व्यवसाइयों से लेवी मांगने, आर्म्स एक्ट समेत कई धाराओं में वर्ष 2018 में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। मगध आम्रपाली प्रोजेक्ट मे तृतीय प्रस्तुती कमेटी के नक्सली बीरबल गंझू टेरर फंडिंग केस का भी आरोपी है। नक्सली बीरबल गंझू को एनआइए ने गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वो न्यायिक हिरासत में है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel | Subscribe NOW | No 1 Channel


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.3 °c | 11.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.45 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.21 बजे |

# वोट बैंक की खातिर हेमंत सरकार अंधी हो गयी है : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार वोट बैंक की खातिर जानबूझकर राज्य को सांप्रदायिक हिंसा में झोंक रही है। विधि व्यवस्था के सवालों को भी वोट बैंक तथा तुष्टिकरण के चश्मे से हेमंत सरकार देखती है। बाबूलाल मरांडी गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

श्री मरांडी ने पलामू में दो समुदाय के बीच घटित हिंसात्मक घटना पर कहा कि पलामू की पांकी में जो घटना घटी है वह बहुत ही शर्मनाक है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन पर उन्माद को बढ़ावा देने और तुष्टिकरण की नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पलामू का मामला सामान्य था। शिवरात्रि के मौके पर हमेशा हिन्दू समाज के श्रद्धालु शिव बारात निकालते है। इसी निमित रास्ते में तोरण द्वार लगाया जाता है। शिव बारातियों की स्वागत करने के लिए। पांकी में भी श्रद्धालु तोरण द्वार लगाने का काम कर रहे थे लेकिन एक समुदाय के लोगों ने उसका विरोध किया और तोरण द्वार लगाने नहीं दिया। यह घटना अचानक घटित नहीं हुई, बल्कि सिलसिलेवार और सुनियोजित तरीके से इस तरह की साम्प्रदायिक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। सरकार साम्प्रदायिक घटनाओं में शामिल असामाजिक तत्वों को संरक्षण देती है। यह राज्य की विकास के लिए उचित नहीं है। राज्य ऐसे में अंधेरे गली में भटक जाएगा। श्री मरांडी ने कहा कि इस सरकार ने एक विशेष धर्म के लोगों को खुश करने के लिए दुर्गा पूजा में देवी दुर्गा की मूर्ति को छोटा करने का आदेश तक जारी कर दिया था। विधानसभा में नमाज कक्ष का आवंटन किया जाना। उर्दू विद्यालय घोषित करना तथा विद्यालय प्रार्थना की पद्धति को बदलना। ये सारी घटनाएं एक सुनियोजित तरीके से की जा रही है। राज्य सरकार खतरनाक खेल खेल रही है। उन्होंने देवघर की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि देवघर में अनावश्यक तनाव पैदा किया जा रहा है। जानबूझकर सरकार सांप्रदायिक तनाव पैदा करने में लगी है। महाशिवरात्रि पर धारा 144 की बात बेतुकी है। सरकार पूरे राज्य को साम्प्रदायिक दंगे में धकेलने का काम कर रही है। मरांडी ने कहा कि आज एक समुदाय के लोगों के द्वारा दलितों और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। जामताड़ा में दलित की जमीन पर कब्जा किया गया। पलामू में मदरसा की जमीन के नाम पर दलित परिवारों को उजाड़ा गया आज भी वे दलित परिवार थाना परिसर में रहने को बाध्य है। उन्होंने कहा कि जब से हेमंत सोरेन की सरकार राज्य में बनी है तब से अपराधियों के मनोबल में वृद्धि हुई है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और सहायक प्रभारी तारिक इमरान मौजूद थे।

# आदिवासियों के साथ छलावा कर रही है भाजपा : सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर आदिवासियों के साथ छलावा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि आज केंद्र सरकार भले ही देश की राजधानी दिल्ली में आदि महोत्सव का आयोजन किया लेकिन भाजपा ने आदिवासियों की हित कभी नहीं सोचा। श्री भट्टाचार्य गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासियों को लेकर इतने सक्रिय क्यों हो गए हैं। प्रधानमंत्री आदिवासियों की हित की बात कर रहे हैं। आदिवासियों के द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट को बाजार देने की बात कर रहे हैं लेकिन इस तरह की सोच इसके पहले कहां थी। पिछले 22 वर्षों से झारखंड में कभी आदिवासी महोत्सव नहीं मनाया गया लेकिन सरना धर्म कोड पर केंद्र सरकार चुप है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदि महोत्सव में सरना धर्म पर क्यों कुछ नहीं बोले। यह आदि धर्म मानने वाले और प्रकृति पूजक को व्यथित करता है। सुप्रियो ने कहा कि झारखंड का गठन अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में हुआ है लेकिन यह भी सच्चाई है कि 22 वर्ष के झारखंड में 16 साल से अधिक समय तक भाजपा का शासनकाल रहा। भाजपा के शासनकाल में कभी आदिवासी दिवस नहीं मनाया गया। उन्होंने पूछा कि जनजातीय दिवस मनाने में 22 साल क्यों लग गए? हेमंत सोरेन की सरकार बनी तो आठ और नौ अगस्त को पहली बार जनजातीय दिवस मनाया गया। सुप्रियो ने कहा कि आप एक तरफ आदिवासी राज का हक छिन रहे हैं तो दूसरी ओर एक नई परछाई दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद भी चल रहा है उसमें सरना धर्म कोड लागू कर दें। बार-बार आदिवासी के नाम पर खेलना बंद करें।

### मोटे अनाज के बाजार पर अडाणी का ही कब्जा होगा

श्री भट्टाचार्य ने कहा कि मोटे अनाज के बाजार पर अडाणी का ही कब्जा होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही अडाणी के ब्रांड के साथ रागी और बाजरा बाजार में बिकने लगेगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी आदिवासियों को गुमराह करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का प्रदेश झारखंड का हक मारा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने आदि महोत्सव में सरना धर्म पर क्यों कुछ नहीं बोले। यह आदि धर्म मानने वाले और प्रकृति पूजक को पति करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1 दिसंबर 2022 को पीएम को पत्र लिखा, जिसमें वन अधिकार कानून की जगह फारेस्ट कंजर्वेशन रूल को लागू करने पर सवाल उठाये थे। सीएम ने पूछा था कि इसकी क्या जरूरत पड़ गयी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ट्राइबल उत्पाद खरीदने की बात कहीं।

# राज्यपाल से मिले भाजपा नेता





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, उपमहापौर संजीव विजय वर्गीय ने गुरुवार राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल बनाये जाने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इसके अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद अभय कांत प्रसाद, राकेश भास्कर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, रिजवान खान, पूर्व चेयरमैन झारखंड राज्य हज समिति ने राज्यपाल रमेश वैस से मुलाकात की। झारखंड में उनके द्वारा किये गये कार्यों के लिए धन्यवाद दिया और महाराष्ट्र राज्य के राज्यपाल नियुक्त किये जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

## विधायक सरयू राय ने सीबीआइ को सौंपा ज्ञापन

# जेनेरिक दवा खरीद में 200 करोड़ घोटाले का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर के विधायक सरयू ने यह आरोप लगाया है कि जेनेरिक दवा खरीद में झारखंड में करीब 200 करोड़ का घोटाला हुआ है। उन्होने गुरुवार को सीबीआई के आईजी से उनके रांची स्थित कार्यालय में मिलकर उनके माध्यम से सीबीआई निदेशक को एक ज्ञापन सौंपा। उन्हें बताया कि जेनेरिक दवाओं की खरीद में झारखंड में 150 से 200 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। यह घोटाला भारत सरकार की दवा निमार्ता कंपनियों और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री के बीच सांठगांठ के कारण हुई है। वर्ष 2020 में स्वास्थ्य विभाग ने दवाओं की थोक खरीद के लिए खुला टेंडर निकाला। न्यूनतम दर वाले आपूर्तिकर्ता को विभाग ने सूचित किया कि वे विभाग के साथ निर्धारित दर पर दवा आपूर्ति का एग्रीमेंट करे, जल्द दवा आपूर्ति करें। इस बीच भारत सरकार की दवा निमार्ता कम्पनियों ने स्वास्थ्य मंत्री को प्रभावित किया कि विभाग उनसे दवा खरीदे।

मंत्री ने टेंडर से निर्धारित न्यूनतम दर पर दवा नहीं खरीद कर विभाग में एक संलेख तैयार कराया कि भारत सरकार की पांच दवा निमार्ता कंपनियों से उनके द्वारा निर्धारित दर पर दवा खरीदी जाए। यह संलेख मंत्रिपरिषद में भेजकर स्वीकृति लिया और टेंडर दर से तीन-चार गुना अधिक दर पर दवा खरीदा। इन कंपनियों को फायदा पहुंचाया, जिसके कारण सरकारी खजाना को 150 करोड़ से अधिक का नुकसान पहुंचा।

विधायक सरयू राय ने सीबीआई निदेशक से भारत सरकार की दवा निमार्ता कंपनियों की स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड सरकार से मिलीभगत की जांच कराने और सरकारी धन की हेराफेरी कराने में भूमिका की जांच कराने की मांग की है। साथ सीबीआई यह भी जांच कराए कि जब दवा खरीद का टेंडर झारखंड में निकला तब भारत सरकार की इन दवा निमार्ता कंपनियों ने इसमें क्यों नहीं भाग लिया और बाद में सस्ता दर पर दवा खरीद रोकवा कर अपनी दवायें महंगे दर पर क्यों बेचा और झारखंड सरकार के खजाना को चपत लगाकर नुकसान पहुंचाया।


**पूर्व तट रेलवे**

**खान-पान यूनिट हेतु ई-नीलामी**

सं.Comml/SBP/E-auction/Catg./23/9, दिनांक : 14.02.2023

**(1) संपत्ति का विवरण:** 05(पांच) वर्षों के लिए रेंगाली 'E' वर्ग रेलवे स्टेशन में चाय की दुकान (स्पेशल माइनर यूनिट(SMU)-अन्य पिछड़ा वर्ग) का प्रावधान। स्टेशन का नाम: रेंगाली (RGL), यूनिट का स्थान: प्लेटफॉर्म नं.1।

**(2) संपत्ति का विवरण:** 05 (पांच) वर्षों के लिए लोईसिंहा 'E' वर्ग रेलवे स्टेशन में चाय की दुकान (Tea Stall) (जनरल माइनर यूनिट-महिला) का प्रावधान। स्टेशन का नाम: लोईसिंहा (LSX), यूनिट का स्थान: प्लेटफॉर्म नं.1।

**(3) संपत्ति का विवरण:** 05 (पांच) वर्षों के लिए सैन्तला 'E' वर्ग रेलवे स्टेशन में चाय की दुकान (Tea Stall) (जनरल माइनर यूनिट) का प्रावधान। स्टेशन का नाम: सैन्तला (SFC), यूनिट का स्थान: प्लेटफॉर्म नं.1।

**नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय:** दिनांक: 06.03.2023 को 1200 बजे (सभी क्रम संख्या हेतु)।

**नीलामी बंद होने की तिथि व समय:** दिनांक 06.03.2023 को 1250 बजे (सभी क्रम संख्या हेतु)।

उपरोक्त ई-नीलामी सूचना का संपूर्ण विवरण वेबसाइट :https://www.ireps.gov.in में उपलब्ध।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/ सम्बलपुर

PR-1013/N/22-23


# सड़क दुर्घटना रोकने लिए पुलिस ने चलाया ऑनलाइन अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सड़क दुर्घटना रोकने लिए रांची पुलिस ने ऑनलाइन अभियान शुरू किया है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर ये अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत रोड सेफ्टी, ट्रैफिक नियमों के साथ कानून तोड़ने पर सजा की बिंदु और उनके प्रावधानों की भी जानकारी दी जा रही है। रांची पुलिस की ओर से सोशल प्लेफॉर्म पर तमाम जानकारियां और स्लोगन प्रसारित की जा रही है।

**ट्रैफिक नियमों की जानकारी आम लोगों तक ऑनलाइन पहुंच रही :** रांची पुलिस की ओर से जारी किए गए स्लोगन में कहा गया है की अगर संभल कर वाहन चलाओगे, तभी तो अपनी मंजिल पर सुरक्षित पहुंच पाओगे। रांची पुलिस ट्रैफिक नियमों की जानकारी आम लोगों तक ऑनलाइन पहुंचा रही है। ऑनलाइन जानकारी पहुंचाने के लिए ट्विटर, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है। साथ ही पुलिस द्वारा जो बुकलेट तैयार किया गया है, उसमें कई महत्वपूर्ण जानकारियां सड़क सुरक्षा को लेकर दी गयी हैं। तैयार पंपलेट में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सजा और जुर्माना के प्रावधान के बारे में भी जानकारी दी गयी है।

### 91 फीसदी दुर्घटना की वजह तेज गति है

रांची पुलिस की ओर से जारी पोस्टर में कहा गया है कि झारखंड राज्य सड़क दुर्घटना विश्लेषण रिपोर्ट 2020 के अनुसार 91 फीसदी सड़क दुर्घटना का कारण है तेज गति से वाहन चलाना है। गति सीमा से बाहर वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम 2019 की धारा 182 के तहत 1000-2000 रुपया दंड भरना पड़ेगा। किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने पर एमबी एक्ट के तहत धारा 185 के तहत दल हजार का जुर्माना या 6 महीने कारावास की सजा दी जायेगी।

# आज से खेलगांव में सांसद खेल महोत्सव का आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सांसद सेठ ने कहा कि खेल महोत्सव रांची लोकसभा क्षेत्र का भव्य दिव्य और ऐतिहासिक महोत्सव बनने वाला है। 17 फरवरी से 19 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के तीन हजार से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

17 फरवरी को कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी के हाथों से संपन्न होगा जबकि केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और केंद्रीय खेल राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। सांसद ने गुरुवार को बताया कि झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में छह प्रकार के खेलों से जुड़ी प्रतिस्पर्धा होगी। इनमें बैडमिंटन, एथलेटिक्स, वुशु, तीरंदाजी, योगासन और कबड्डी शामिल है।

तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में 650 से अधिक मेडल और ट्रॉफी प्रतिभागियों को दिए जाएंगे। तीन दिवसीय महोत्सव के लिए 3087 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में रांची लोकसभा क्षेत्र के 17 प्रखंड और 53 वार्डों का प्रतिनिधित्व होगा। लगभग 200 पंचायतों से खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। उन्होंने कहा कि खेल के नामी खिलाड़ियों की ओर से इस अवसर पर मशाल प्रज्वलित की जाएगी जो लगातार तीन दिन तक प्रज्वलित रहेगी।

12 स्कूल के बच्चों के द्वारा बैंड बजायेंगे। इसमें सारे जहां से अच्छा हिंदू सीता हमारा की धुन के गीत पर प्रतियोगिता की जाएगी। प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चे अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। उस स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी। उद्घाटन समारोह दो घंटे का होगा।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**ई–निविदा सूचना**

**विषय : निविदा सूचना संख्या: 38–निविदा/सीपीएम/उ.रे./लखनऊ दिनांक 09.02.2023 का प्रथम शुद्धिपत्र**

निविदा सूचना संख्या: 38–निविदा/सीपीएम/उ.रे./लखनऊ दिनांक 09.02.2023 के अनुसार " उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में उप मुख्य इंजीनियर, निर्माण उत्तर रेलवे वाराणसी के अधीन वाराणसी यार्ड रिमोडलिंग (फेज–।।) एवं इन्स्पेक्शन डिपो के संबंध में रिटेनिंग वॉल का निर्माण, पीएफ 3 और पीएफ 5 के लिए वॉशेबल एप्रन, पीएफ–5 की कटिंग और अन्य सहायक शेष कार्य" के लिए आमंत्रित निविदा की तिथियों में प्रशासनिक कारणों से निम्न संशोधन किया जा रहा है।

| विवरण | मौजूदा तिथियां | संशोधित तिथियां |
|---|---|---|
| www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज की उपलब्धता की तिथि | 15.02.2023 | 18.02.2023 |
| www.ireps.gov.in पर ऑफर जमा करने की शुरूआत की तिथि | 24.02.2023 | 27.02.2023 |
| • www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता समाप्ति तिथि • निविदा /प्रस्ताव खोलने की तिथि | 10.03.2023 | 13.03.2023 |

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी। **संख्या 38–टेण्डर/सीपीएम/उ.रे./लखनऊ/ प्रथम शुद्धिपत्र दिनाँक 15.02.2023**

486/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकलेगी भोले बाबा की बारात

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति और आर आर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के अवसर पर 18 फरवरी को धूमधाम से भगवान शंकर की बारात निकाली जायेगी। इस वर्ष बारात में नंदी पर सवार पंच मुखी भोले बाबा और दिल्ली के मशहूर कलाकार छेदी लाल एंड पार्टी के जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। साथ ही शिव महाकाली का तांडव, पंचमुखी हनुमान, शिवशंकर भोलनाथ जमीन से छह फीट ऊपर हवा के आसन लिए हुए, साई बाबा की मनमोहक झांकियां भी लोगों के लिए नया होगा। भारत वर्ष के अमृत महोत्सव पर आधारित उपलब्धियों की जीवंत झांकी जो विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा।

समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, शैलेंद्र वर्मा शैलू, विक्की यादव ने रातू रोड के आरआर टावर में पत्रकारों को गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बारात इन्द्रपुरी शिव मंदिर प्रागंण से निकलकर, मेट्रो गली, रातू रोड, सती मंदिर लेन, पहाड़ी बानोमंजिल रोड, जेजे रोड, शहीद चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक से मुड़कर गांधी चौक, महावीर चौक, प्यादा टोली के रास्ते होते हुए रातु रोड स्थित आरआर स्पोर्टिंग क्लब, दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंचेगी।

बारात के संचालन में वरीय मुख्य संरक्षक दीपक प्रकाश, संरक्षक सुनिता देवी, संजीव चौधरी, विनय कुमार सिंह, विजय सिंह, बिन्दु भूषण दुबे, अध्यक्ष रमेश सिंह, सचिव शैलेन्द्र कुमार (शैलू) वरीय उपाध्यक्ष नवीन पपनेजा, कार्यकारी अध्यक्ष गौरव बजाज, उपाध्यक्ष विजय वर्मा, नीरज जयसवाल, सत्येंद्र तिवारी, अशोक बजाज, हरजीत सिंह, हीरालाल पपनेजा, कोषाध्यक्ष रवि अरोड़ा, संजय अरोड़ा एवं समिति के तमाम सदस्यगण बारात को संचालित करते रहेंगें। श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति तमाम शिव भक्तों से आग्रह करती है कि अपने प्रतिष्ठान एवं घरों के आगे सफाई कर जल का छिड़काव करें एवं पुष्प वर्षा कर बारातियों का स्वागत करें।


**झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड**

**JSFC भवन, कडरु मेन रोड, रांची- 834002**

**SHORT TENDER NOTICE**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender No. | 318, Dated 21-01-2023 |
| 2. | Name of the Work | Re-TENDER FOR PROVIDING TRANSPORT & HANDLING SERVICES TO THE JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LIMITED(2022-24) for Ranchi District, Jharkhand |
| 3. | NIT Publish Date | 17-02-2023 |
| 4. | End Date of Earnest Money Deposit (EMD) (Returnable with no interest, Online Mode to be submitted to JSFC HQ, Ranchi) | 24-02-2023 at 3:00 PM |
| 5. | E-tender website ( for Tender Submission & Purchase Tender Document) | https://jhtenders.eproc.in |
| 6. | a)Tender Download & Sale starts on | 17-02-2023 at 10:00 PM. |
| | b)Tender Download & Sale Ends on | 24-02-2023 at 10:00 PM. |
| | c) Bid Submission start date | 17-02-2023 at 5:00 P.M. |
| | d) Last date & time for submission of completed E-tender documents online | 24-02-2023 at 5:00 P.M. |
| | e)Technical bid opening date | 25-02-2023 |
| 7. | Contact Person | For C1 India (P) Ltd.- Abhishek Tiwari Email:Jhsupport@c1india.com 9795046772 |
| 8. | AuctionType | Reverse Auction |
| 9. | Reverse Auction Schedule | Informed Later on the https://jhtenders.eproc.in |
| 10. | Tender Fee | Rs.10000/-(Non-Refundable)viaRTGS/NEFT/Online |
| 11. | Tender Publish website | https://www.jharkhand.gov.in & https://jhtenders.eproc.in |
| 12. | Tender Issuing Authority | Managing Director, Jharkhand State Food & Civil Supplies Corporation Limited, JSF&CSCL Bhawan,Kadru,Main Road, Ranchi-834002 |

- Bidder to note that the Corporation reserves the right to revise/extend any date/time from the schedules timelines of the tender.
- If the office happens to be closed on the date of opening of tenders, tenders will be opened on the next working day in the same time.

Sd/-
Managing Director

पत्रांक -07 / रा.खा.नि./ खाद्यान्न/07/2022-709, रांची, दिनांक : 16.02.2023

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 17 फरवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी का आयोजन

# श्याम सरकार है ये, सर झुकाने चले आओ सच्चा दरबार है ये, सर झुकाने चले आओ...

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को फाल्गुन कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा व भक्तिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहना कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के ताजे व खुशबूदार फूलों से श्री श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम हनुमान जी का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। फाल्गुन मास में खाटू धाम (राजस्थान) स्थित श्री श्याम मन्दिर में अर्पित किए जाने वाले निशानों ( ध्वजा ) की विधिवत पूजन मण्डल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बगला एवं मंत्री धीरज बंका के करकमलों से कर स्थापित किये गये। मंदिर में भक्तों के दर्शनार्थ हेतु निशान (ध्वजा) 21 फरवरी 2023 तक स्थापित रहेंगे।

रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव की पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन का शुभारंभ किया गया।

ओ सांवरिया यो निशान महे दूर देश से लाया... भगत तुम जइयो रे, जइयो रे फागुन में इक बार, बुलावा आयेगा, आयेगा, खाटू से हर बार... बाबा से होगी मुलाकात, अब के फागुण में ,नाचैंगे सारी-सारी रात, अब के फागुण में... तुम झोली भर लो भक्तों रंग और गुलाल से, होली खेलांगा आपां, गिरधर गोपाल से... आए हैं दिन फागण के, आये हैं दिन नाचण के, आज नहीं तो कब नाचोगे, बीत गए दिन सावन के... इत्यादि भजनों की लय पर श्याम भक्त झूमते रहे।

इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा - केसरिया दूध एवम मगही पान का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 1बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस क्रायक्राम को सफल बनाने में रमेश चन्द्र सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनियां, अरुण धानुका, विकाश पाडिया, नितेश केजरीवाल, सुदर्शन चितलांगिया, बालकिशन परसरामपुरिया, अमित जलान, अजय साबू का सहयोग रहा।

# डॉ भाभा पब्लिक स्कूल बरजो में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



महोत्सव का उद्घाटन करतीं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अनपूर्णा देवी। साथ में हैं भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजधनवार।** डॉ भाभा पब्लिक स्कूल बरजो में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्कूल का वार्षिक महोत्सव गुरुवार को मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अनपूर्णा देवी, भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, प्रमुख गौतम सिंह, सीओ नरेश वर्मा, थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार व स्कूल डायरेक्टर रविन्द्र नाथ सिंह आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। स्वागत गान से शुरू हुए इस कार्यक्रम में नेहा, पीयूष, अन्वेषा, मुन्ना, माही, रिया, कुशाली, प्राची, नैशी, रूही, हिना, अनुराग, प्रज्ञा, अनमोल आदि के ग्रुप ने एक से बढ़कर एक नृत्य कर अतिथियों व दर्शकों को मोहित किया। साहिल, मुश्कान, अमन आदि ने भी ज्वलंत मुद्दों पर नाटक कर कई तरह के संदेश दिये। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने भी खूब तालियां बटोरी। प्रस्तुति पर मुख्य अतिथि ने स्कूल संचालक, शिक्षक और बच्चों की तारीफ की। कहा कि आज किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरी है। लोग शिक्षा के साथ साथ खेल, संगीत, नृत्य हर क्षेत्र में केरियर बना ख्याति अर्जित कर रहे है। यहां उनका समावेश दिखता है। सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और अथक प्रयास पर जोर देते हुए उन्होंने बच्चों और विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षक कुम्हार है और बच्चे माटी के लोंदे। उन्हें तराशने की जरूरत होती है। गुरु का दर्जा गोबिंद से ऊपर बताते हुए विद्यार्थियों को शिक्षकों का सम्मान करने पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रयास के लिए स्कूल परिवार को सराहना की। कार्यक्रम का संचालन निदेशक रवींद्रनाथ सिंह और शिक्षिका सुलोचना सेठ ने किया। आयोजन में स्कूल सचिव शत्रुघ्न सिंह, प्रिंसिपल अजय चौधरी, गोजित निषाद, अनिल संथालिया, रवि कुमार आदि ने अहम भूमिका निभायी। मौके पर सुबोध राय,अजय रंजन, शंभू बरनवाल, सुखदेव साव, राजेंद्र यादव, उत्तम गुप्ता, महेंद्र चौधरी आदि सहित सैकड़ों अभिभावक एवं दर्शक मौजूद थे।

# एकादशी कीर्तन और ध्वजा निशान पूजन अनुष्ठान संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में श्री श्याम मंदिर में विजया एकादशी के अवसर पर गुरुवार को एकादशी कीर्तन व ध्वजा निशान पूजन अनुष्ठान का आयोजन किया गया। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि गुरुवार सुबह 5 बजे मंदिर के पट खोल कर 5:30 बजे मंगल आरती बाल भोग, 8:30 श्रृंगार आरती व 12:15 भोग व शंख आरती करके मंदिर के पट बंद कर दिये गये।

विजया एकादशी के कारण सैकड़ों भक्तों ने मंदिर में आकर दर्शन पूजन करके अपने अपने परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। खाटू नरेश को नवीन वस्त्र बागा पहनाकर कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब विभिन्न कलर के स्टार व डालिया लाल पीला गेंदा फूल और तुलसीदल की मोटी मोटी फूल माला से श्री श्याम दरबार को सजाया गया था। अन्नपूर्णा सरावगी ने रबड़ी प्रसाद, सुभाष रौनक पोद्दार ने घी सेवा डॉ सच्चिदानंद लाल ने नवीन वस्त्र बागा, मंजू जाजोदिया ने पंचमेवा प्रसाद वह एक श्याम भक्त ने गिरी गोला और राजीव मित्तल ने श्रृंगार सेवा निवेदित की। कार्यक्रम का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ हुआ। समारोह के यजमान राजीव मित्तल व कविता मित्तल ने श्री गणेश पूजन अनुष्ठान करवाकर खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, केसरिया रबड़ी, केसरिया दूध, पंचमेवा व फल का भोग चढ़ाकर सुगंधित इत्र अर्पित किया। मंदिर के सहयोगी आचार्य अनूप दाधीच ने वैदिक परंपरा के अनुसार पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में पवित्र ध्वजा निशान पूजन संकल्प प्रारंभ हुआ।

**शनिवार को महाशिवरात्रि उत्सव :** हरमू रोड श्री श्याम मंदिर परिसर पर विराजमान श्री श्यामेश्वर महादेव का महाशिवरात्रि उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान पूजन, श्रृंगार, भोग व रुद्राभिषेक के कार्यक्रम होंगे। पिस्का मोड़ निवासी गोपाल खेतान, अमिताभ खेतान, संदीप खेतान उत्सव के यजमान है। उक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# छात्रा को अकेला देख शिक्षक ने की अश्लील हरकत, गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुरु और शिष्या के पवित्र रिश्ते को शर्मशार करने वाला एक मामला झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से सामने आया है. जहां एक शिक्षक ने नाबालिग छात्रा को जबरन कमरे में बंद कर उसके साथ अश्लील हरकत की। छात्रा के द्वारा किए गए खुलासे के बाद इसे लेकर थाने में आरोपी शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी गयी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। बता दें झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के मझगांव थाना क्षेत्र के पोंडवाबुरु मध्य विद्यालय में कार्यरत सहायक शिक्षक शैलेश प्रधान, पर एक नाबालिग छात्रा को अकेला देख कमरे को बंद कर अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है।

बता दें ये शिक्षक प्लस टू उच्च विद्यालय के एक कमरे में प्राइवेट कोचिंग भी चलाता है। वहीं शिक्षक की इस काली करतूत पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। नाबालिग पीड़िता द्वारा थाने में दर्ज शिकायत के आधार पर स्थानीय पुलिस ने आरोपी शिक्षक को हिरासत में ले कर कठोरता से पूछताछ कर रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद स्कूल में पढ़ने वाली अन्य छात्राओं के परिजनों और ग्रामीणों में आरोपी शिक्षक की करतूत को लेकर आक्रोश है। आक्रोशित परिजन आरोपी को कठोर सजा देने की मांग कर रहे हैं। थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक 13 फरवरी की सुबह नाबालिग प्लस टू उच्च विद्यालय मंझगांव कोचिंग में पढ़ने गयी थी। छात्रा को अकेला देख कर आरोपी शिक्षक ने कमरे को बंद कर अश्लील वारदात को अंजाम दिया। शिक्षक को गलत हरकत देख उसके चुंगल से किसी तरह निकालकर छात्रा वहां से भाग कर सीधे अपने घर पहुंची। इसके बाद परिजनों को अपने साथ हुए आपबीती की जानकारी दी।

# दुधमुंही बच्ची को अस्पताल में छोड़ भागी महिला

### तीसरी बार बेटी पैदा होना परिवार को नागवार गुजरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तालझारी (साहिबगंज)।** राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को एक महिला ने बेटी को जन्म देने के बाद नवजात को अस्पताल में ही छोड़कर घर चली गयी। इसके बाद महिला को काफी ढूंढा गया, लेकिन वह आसपास कहीं नहीं मिली। इसके बाद महिला के घर का पता लगने के बाद वहां संपर्क कर महिला को बुलाया गया, लेकिन वह नहीं आई। अस्पताल प्रशासन की ओर से जब दबाव बनाया गया, तो महिला के स्वजन अस्पताल आए और नवजात को घर ले गए।

**तीसरी बार बेटी होने से परेशान परिवार :** दरअसल, राजमहल प्रखंड के सरकंडा के निकट पचकठिया गांव की एक महिला को बुधवार की दोपहर राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ देर बाद उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया। इससे उनके स्वजनों में मायूसी छा गई। महिला को पहले से ही दो बेटी है और अब तीसरी बेटी होने से स्वजनों में नाराजगी हो गई। इस कारण महिला नवजात को अस्पताल में छोड़कर घर आ गयी।

**महिला ने बच्ची को अपना बताने से किया इंकार :** अस्पताल की एक स्टाफ ने शिशु को बरहरवा इलाके की एक महिला को सौंप दिया। इसकी जानकारी अस्पताल कर्मियों को लगी। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक महिला ने बच्ची को अपना बताने से इंकार कर रही है। सीएस रामदेव पासवान से इस संबंध में अनभिज्ञता जाहिर की।

### स्टेशन में बच्चों को छोड़ गायब हुई मां

कुछ ऐसी ही घटना बीते दिन धनबाद से सामने आई, जिसमें एक महिला अपने दो मासूम बच्चों को स्टेशन पर छोड़कर कहीं चली गई। बच्चे गहरी नींद में थे और जब ये उठे तो अपनी मां की तलाश में इधर-उधर चक्कर काटते रहे। इन्हें देखकर धनबाद स्टेशन पर हर आने-जाने वाले का दिल पसीज गया। रेल पुलिस ने बच्चों को रेलवे चाइल्ड लाइन की मदद से बाल कल्याण समिति के पास भेजा, जहां से उन्हें फिलहाल भुईफोड़ के आश्रय गृह में रखा गया है।

## झारखंड कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक का विरोध

# दूसरे दिन भी प्रदेश में खाद्य वस्तुओं की थोक व्यवसाय की दुकानें बंद रहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक के विरोध में जारी राज्यव्यापी आंदोलन के दूसरे दिन भी प्रदेश में खाद्य वस्तुओं की आवक-जावक एवं कृषि संबंधी थोक व्यवसाय की दुकानें पूरी तरह बंद रही। झारखंड चैंबर के आह्वान पर राइस मिल्स, फ्लावर मिल्स सहित अन्य खाद्य संबंधित मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में भी सेल बंद रहा। गुरुवार शाम को चैंबर भवन में पूरे राज्य में की गयी बंद की समीक्षा के लिए सभी जिला चैंबर, खाद्यान्न व्यवसायी संघ और फूड प्रोसेसिंग संचालकों के साथ ऑनलाइन समीक्षात्मक बैठक कर आगे की रणनीतियों पर वार्ता की गयी। इस दौरान चैंबर भवन में खाद्यान्न व्यापारियों की एक बैठक हुई, जिसमें यह कहा गया कि वर्तमान में बाजार शुल्क लागू नहीं होने से किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त हो रहा है, लेकिन जैसे ही कृषि उपज पर यह शुल्क लागू हो जायेगा, उत्पाद का बाजार मूल्य कम मिलेगा। ऐसे में किसानों की आय बढ़ने के बजाय घटेगी। गलत अनुमान लगाकर इस विधेयक को लाया जा रहा है, वास्तविकता में यह किसानों के साथ ही उपभोक्ता, व्यापारी और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के हित में नहीं है, चूंकि उपभोक्ताओं को अधिकतम चीजें एमआरपी के रूप में मिलती हैं। उनपर पड़ने वाले भार को उपभोक्ताओं को समझ में आने में काफी दिक्कतें होती है।

रांची चैंबर पंडरा के अध्यक्ष संजय माहुरी ने कहा कि वस्तुस्थिति यही है कि महंगाई का अतिरिक्त भार उपभोक्ताओं पर सीधे सीधे पड रहा है। क्योंकि व्यवसायी इस शुल्क का भुगतान उपभोक्ताओं से लेकर ही करेंगे। इस विधेयक में कृषि आधारित उद्योग के साथ किसानों और उपभोक्ताओं को बहुत बड़ी हानि होगी, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कृषि मंत्री द्वारा केंद्र सरकार के कानून का हवाला देकर राज्य में कृषि उपज, वन उपज और पशुधन पर शुल्क लगाया जा रहा है, लेकिन झारखंड में इस विधेयक में संशोधन करते हुए कुछ ऐसी बातों को निहित किया गया है एवं कई ऐसे प्रावधान हैं जो व्यापारियों और किसानों को दिन प्रतिदिन परेशान करेंगे। शुल्क के विरोध में झारखंड के व्यवसायी एकजुट हैं। यदि कृषि मंत्री द्वारा जल्द तत्परता नहीं दिखायी गयी तब राज्य में जल्द ही खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित होगी, हमारा आंदोलन इस बात का संकेत है कि हम व्यापारी केवल अपने व्यापार की ही नहीं उपभोक्ता के हितों के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। अनिश्चितकालीन खाद्यान्न व्यापार बंद के दूसरे दिन राजधानी रांची के अलावा दुमका, चाईबासा, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, बोकारो, धनबाद, कोडरमा, गिरिडीह, दुमका, देवघर, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, जामताड़ा, पलामू, गढ़वा, लातेहार में भी कृषि संबंधी थोक व्यवसाय की दुकानें एवं कृषि मंडियां बंद रहीं।

## मोटरयान निरीक्षकों की नियुक्ति मामले में विधानसभा अध्यक्ष ने की बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा सरकारी आश्वासन समिति की बैठक गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष के सभाकक्ष में हुई। बैठक में विधायक सह सरकारी आश्वासन समिति झारखंड विधानसभा सभापति दीपक बिरुवा की मौजूदगी में मोटरयान निरीक्षकों की नियुक्ति पर परिवहन विभाग के अधिकारियों साथ अहम बिंदुओं पर विमर्श किया गया। वहीं विधायक स्टीफन मरांडी और विधायक ग्लेन जोसेफ गालस्टेन द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर पलास्थली रेलवे स्टेशन को पुनः चालू कराने पर आसनसोल डीआरएम के साथ विचार विमर्श किया गया।

## 'एबीवीपी का झंडा लहरेगा' गाना हुआ लॉन्च

**रांची (आजाद सिपाही)।** लोक गायक आशुतोष द्विवेदी का गाना अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का झंडा लहरेगा गुरुवार को लॉन्च हुआ। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री और उत्तर प्रदेश प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता ने हरमू प्रदेश कार्यालय में पोस्टर का अनावरण और यूट्यूब में गाना को अपलोड कर गाना को लॉन्च किया। सांसद ने आशुतोष द्विवेदी को बधाई और शुभकामनाएं दी। राजधानी वीडियो फिल्म्स स्टूडियो की ओर से निर्मित इस एलबम में एक गीत है, जिसका नाम अभाविप का झंडा लहरेगा है। इसके प्रोड्यूसर अनिल शर्मा जनसंगी राजस्थान, निमार्ता प्रमोद राय और निदेशक मुकुल शर्मा हैं। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# डीसी ऑफिस के सामने पारा चिकित्साकर्मियों का प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गुरुवार को रांची के मोराबादी स्थित डीसी कार्यालय के बाहर सहिया व आशा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर उन्होंने घंटों नारेबाजी की फिर सड़क पर बैठ गयी। हंगामे को देखते हुए इस दौरान वहां भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने के लिये फायर ब्रिगेड व वाटर कैनिंग गाड़ी को रखा गया था। इस बीच हंगामा जब बढ़ने लगा तो वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल को बुलाया गया। स्वास्थ्य सहिया और आशा कार्यकर्ता प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने अपनी 6 सूत्री मांगो को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव को ज्ञापन सौंपा। सहिया संघ की अध्यक्ष पंपा मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष किरण पासवान, सचिव माया सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात हुई, उन्होंने जल्द मागों पर विचार कर समाधान का आश्वासन दिया है। लेकिन उसने कहा कि हम वार्ता से असंतुष्ट हैं। जब तक सभी सहिया वार्ता से संतुष्ट नहीं होंगे तब तक हम वापस नहीं जायेंगे।

**24 दिन बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने पिया पानी, संयुक्त सचिव ने तुड़वाया अनशन :** राज्य के तमाम एएनएम जीएनएम पिछले 31 दिन से राजभवन के सामने आंदोलन कर रहे हैं। पिछले 24 दिनों से अनशन पर हैं। गुरुवार को इनका अनशन तुड़वाने संयुक्त सचिव आलोक त्रिवेदी और प्रशाखा पदाधिकारी धरना स्थल पर आए और आमरण अनशनकारियों को जूस पिला कर अनशन खत्म करवाया। आंदोलनकारियों ने कहा कि हमारी मांगों पर विचार किया जा रहा है। इसी माह 20 तारिख से लेकर 24 तक के बीच स्वास्थ्य मंत्री, चिकित्सा शिक्षा परिवार कल्याण विभाग की अध्यक्षता में विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ संघ के पदाधिकारियों की साथ बात करेंगे। मंत्री के पत्र और संयुक्त सचिव का सम्मान करते हुए हम अपना अनशन तोड़ रहे हैं और अपनी मांग पूर्ति के लिए आगे की रणनीति बनाने कल कोर कमेटी की बैठक में 24 जिलों से आए हुए प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करेंगे। उसके बाद हम यह निर्णय लेंगे कि हमें क्या करना है।

**एक प्रतिनिधि ने की मुलाकात :** हालांकि आंदोलन कारियों ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के इस सार्थक पहल का हम सभी झारखंड के अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मी तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं। स्वास्थ्य मंत्री के आवास में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से मुलाकात की। उनके तरफ से आमरण अनशन को तुड़वाने को लेकर पहल हुई । बता दें कि राज्य के 24 जिले से लगभग 7000 कर्मी आंदोलनरत है और रांची में लगभग 2000 बैठे हुए हैं। ये सभी पिछले कई साल से नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं। पिछले 16 साल से ये राज्य में सेवा दे रहे हैं।

# लेवी की मांग को लेकर टीएसपीसी संगठन ने कुजू रेलवे साइडिंग में चलायी गोलियां

## पुलिस ने दो खाली खोखे और दो जीवित कारतूस सहित हस्तलिखित पर्चा किया जब्त

### कोयला व्यवसायियों में दहशत

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** कुजू रेलवे स्टेशन के पास कुजू रेलवे साइडिंग में बुधवार की देर रात रंगदारी की मांग को लेकर बाइक सवार तीन अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलायी। साथ ही, हाथ से लिखा हुआ एक पर्चा भी छोड़ा, थोड़ी देर के बाद सभी अपराधकर्मी हथियार लहराते हुए रंगदारी जल्द ही चुका देने की बात करते हुए मौके से भाग निकले। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कुजू ओपी प्रभारी बलवंत दुबे के नेतृत्व में पहुंची टीम ने घटनास्थल से दो खाली खोखे, दो जीवित कारतूस एवं एक हाथ से लिखा हुआ पर्चा बरामद किया। गोली चालन की घटना के बाद से रेलवे साइडिंग में कार्यरत कोल ट्रांसपोर्टिंग, रैक लोडिंग-अनलोडिंग से जुड़े हुए व्यवसायियों एवं कर्मियों सहित आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बाइक पर सवार तीन अपराधकर्मियों ने अपने को टीएसपीसी संगठन का सदस्य बताते हुए व्यवसायियों से रंगदारी की मांग कर रहे थे। रंगदारी जल्दी नहीं चुकाने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। वही, मौके से बरामद हस्तलिखित पर्चा में भी संगठन को मैनेज किए बिना साइडिंग से किसी तरह का व्यवसाय नहीं करने की स्पष्ट हिदायत दी गयी है। पर्चा जारी करने वाले शख्स के रूप में भरत जी का नाम लिखा हुआ है। इधर, रामगढ़ डीएसपी किशोर कुमार रजक ने घटनास्थल का मुआयना करते हुए साइडिंग में कार्यरत कर्मियों से पूछताछ की। कहा कि छानबीन जारी है, जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

### व्हाट्सएप के जरिए व्यवसायियों से मांगा जा रहा है रंगदारी

गोली चालन से पूर्व साइडिंग में कार्यरत कोल व्यवसायियों से इसी टीएसपीसी संगठन द्वारा लगातार व्हाट्सएप के जरिए धमकी देते हुए रंगदारी मांगी जा रही है। वही, सख्त लहजे में मैनेज किए बिना किसी तरह का व्यवसाय से स्पष्ट मनाही की गयी है। ऐसा नहीं करने की स्थिति में साफ तौर से अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गयी है।

### पर्चे में है अजाम भुगतने की चेतावनी

टीएसपीसी के नाम पर फेंके गए पर्चे में भरत जी नामक व्यक्ति द्वारा कुजू रेलवे साइडिंग के सभी कॉल ट्रांसपोर्टरों को संगठन को मैनेज कर काम करने की बात कही गई है। पर्चे में कहा है कि आप अगर संगठन को मैनेज नहीं करते हैं तो संगठन आपके खिलाफ फौजी कार्रवाई करेगी। जिसमें जानमाल के नुकसान की सारी जिम्मेवारी कोल ट्रांसपोर्टरों की होगी। साथ ही, साइडिंग में कोयला कार्यों में बाहरी लोगों का बहिष्कार करते हुए स्थानीय और झारखंड के लोगों को काम पर रखने की चेतावनी दी है, अन्यथा अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है।

## झारखंड का युवक आठ किलो अफीम के साथ पंजाब में गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** पंजाब की जालंधर पुलिस के एंटी नारकोटिक्स सेल ने कार्रवाई करते हुए आठ किलो अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। युवक की पहचान झारखंड के चतरा जिले के गदेर गांव के रहने वाले रामचरण के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से आठ किलो अफीम बरामद किया है। बताया जा रहा है कि युवक अफीम कारोबार में कुरियर का काम करता है। वह चतरा जिले से अफीम की खेप लेकर जालंधर पहुंचा था, लेकिन पुलिस के एंटी नारकोटिक्स सेल ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड से नशे की खेप लेकर एक युवक आ रहा है, जिसके बाद पुलिस ने गुरुनानक पुरा के पास रेलवे कॉलोनी के टी पॉइंट पर नाकाबंदी कर दी। जैसे ही युवक वहां पर पहुंचा, पुलिस ने उसे दबोच लिया। इससे पहले झारखंड के ही एक युवक को मकसूदां में भगत सिंह कॉलोनी के पास वाई पॉइंट पर पौने तीन किलो अफीम के साथ पकड़ा गया था।

## मुंबई युनिवर्सिटी के छात्रों के नाम रहा जोहार विमर्श का चौथा दिन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन में चल रहे पांच दिवसीय राष्ट्रीय विमर्श के चौथे दिन मुबंई युनिवर्सिटी के इएस श्राफ कॉलेज के छात्रों ने सभागार में अपनी प्रस्तुति दी। मुंबई के छात्रों ने सबसे पहले पिछले तीन दिनों के अपने अनुभवों को सुनाया। झारखंड आने पर स्वागत से लेकर सभी आयोजनों के बारे में अपने अनुभव बताये। केइएस श्राफ कॉलेज के सभी छात्रों ने एक धन्यवाद कार्यक्रम दिया। जिसमें आरयू मास कॉम के शिक्षकों, छात्रों, निदेशकों, कर्मियों का आभार जताया। एक छात्रा ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी।

**मेहमान बने मेजबान :** 16 फरवरी को लंच के समय मुंबई युनिवर्सिटी के छात्रों ने निदेशक से आग्रह किया कि गुरुवार आरयू के छात्रों एवं प्राध्यापकों को भोजन परोसने और खिलाने का उन्हें मौका दिया जाये। निदेशक डॉ प्रो बीपी सिन्हा के अनुमति पर केइएस श्राफ कॉलेज के छात्रों ने आरयू मास कॉम के सभी छात्रों और शिक्षकों को स्वयं परोस कर भोजन कराया। इस अवसर पर केइएस श्राफ कॉलेज के प्राध्यापक आशीष रिचार्या, आरयू मास कॉम के निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा, उपनिदेशक डॉ विष्णु चरण महतो, शिक्षक संतोष उरांव, पूजा उरांव, मनोज कुमार शर्मा, संकर्षण परिपूर्णन, स्टेफी मुरमू विभागीय कर्मी पीएस तिवारी, सुशील रंजन, डहरू टोप्पो तथा सकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

## राज्यपाल से डीएसपीएमयू के कुलपति की शिष्टाचार भेंट



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने गुरूवार को राज्यपाल रमेश बैस से राजभवन में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें महाराष्ट्र के नए राजपाल के तौर पर बधाई और शुभकामनाएं दी। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने उनके कार्यकाल में श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रति उनके स्नेह और सहयोग के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि न सिर्फ डीएसपीएमयू बल्कि संपूर्ण झारखंड के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के तौर पर उनके सहयोग के लिया संपूर्ण शिक्षा जगत उनका आभारी रहेगा।

## झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन ने डीजीपी का किया अभिनंदन

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य राइफल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने गुरुवार को झारखंड के नवनियुक्त डीजीपी अजय कुमार सिंह का उनके आवास पर अभिनंदन किया। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार और कार्यकारिणी समिति के सदस्य रंजन कुमार उर्फ मुकुल ने सिंह को बुके और शॉल देकर उन्हें डीजीपी बनने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। झारखंड में एसोसिएशन की ओर से खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। मुकुल ने कहा कि अजय सिंह राज्य में निशानेबाजी के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे हैं और उनके डीजीपी बनने से इस खेल को और यहां के खिलाड़ियों को काफी लाभ मिलेगा। डीजीपी ने भी हरसंभव सहयोग देने की बात कही। निशानेबाजी के राष्ट्रीय खिलाड़ी और कोच रंजन कुमार, सैयद अंसुब अयुब ,राष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार तथा अरुण मुखिया ने भी डीजीपी को फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया और खिलाड़ियों की उपलब्धियों को बताया। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय नाथ शहदेव ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी को भी निशानेबाजी में काफी दिलचस्पी है और इस खेल को झारखंड में लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है।

## गोदरेज इंटीरियो के फर्नीचर शोरूम का शुभारंभ



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रीमियम फर्नीचर ब्रांड गोदरेज इंटीरियो ने रांची में अपना झारखंड का सबसे बड़ा शोरूम खोला है। शिव एंड शक्ति होम मेकिंग सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से हटिया, रांची में गोदरेज इंटीरियो का अधिकृत शोरूम का उद्घाटन किया गया। राज्य के इस सबसे बड़े फर्नीचर शोरूम का उद्घाटन कंपनी के जोनल हेड असित पाठी और शो रूम के ओनर विजय कुमार सिंह के द्वारा रिबन और दीप प्रज्वलित कर काटकर किया गया। इस विशेष अवसर पर गोदरेज इन्तिरियो के स्टेट हेड हेड रत्नेश झा भी मौजूद थे। उन्होंने बताया की इनोग्रल ऑफर में प्रत्येक खरीददारी पर ग्राहकों को 10 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। साथ ही प्रत्येक खरीददारी पर 1 लाख तक का कैशबैक जितने का मौका और इनोग्रल ऑफर में पांए हरेक खरीदारी पर चांदी के सिक्के। इस भव्य शोरूम में फर्नीचर के बेहतरीन रेंज मौजूद हैं। 35 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक के बेड, 41 हजार से 2 लाख के सोफा सेट, 50 हजार से सवा लाख तक के डाइनिंग सेट और 10 हजार से लेकर 50 हजार तक के मैट्रेस एवं बच्चों सहित घरेलू इस्तेमाल में आनेवाले कई अन्य सामान उपलब्ध हैं। शोरूम के संचालक विजय कुमार सिंह ने बताया कि इस शोरूम में गोदरेज इंटीरियो का सभी रेंज उपलब्ध है। यहाँ फर्नीचर के खूबसूरत डिजाइन और रंग ग्राहकों को अपनी और आकर्षित कर रहे हैं। गोदरेज एक विश्वसनीय नाम है जो लगातार अपने भरोसे को बनाये हुए है। इस अवसर पर संचालक विजय कुमार सिंह के पुत्र विकाश आनंद , पत्नी मालती सिंह, बहू सपना आनंद और घर के बच्चे जिज्ञांश और हेतांश सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रभात तारा मैदान में आदिवासी अधिकार महारैली

## सरना धर्म कोड लागू नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन : चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** गुरुवार को झामुमो के बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा और सिसई विधायक प्रो जिगा सुसारण होरो ने आदिवासी महारैली का आयोजन किया। रांची के एचइसी जगन्नाथ मैदान (प्रभात तारा मैदान) धुर्वा में आयोजित इस महारैली में आदिवासी मुद्दे से जुड़ी 16 सूत्री मांग रखे जाने की बात कही गयी। इसमें बड़ी संख्या में लोहरदगा, गुमला, खूंटी, तमाड़, बुंडू, चाईबासा संथाल परगना से आदिवासी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। कार्यक्रम में चमरा लिंडा के साथ झामुमो के सिसई विधायक प्रो जिगा सुसारण होरो भी शामिल हुए।

**सरकार पर जम कर हमला बोला :** कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार पर जम कर हमला बोला। उनका कहना है कि अगर सरकार सरना धर्म कोड लागू नहीं करती है तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन देखने को मिलेगा। वक्ताओं ने सीएनटी एसपीटी एक्ट लागू करने, नियोजन नीति बनाने सहित कई मांगों को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार पर हमला बोला है। इसमें लाखों की संख्या में आदिवासियों ने भाग लिया।

## दुलमी प्रखंड के विभिन्न गांव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने किया जनसंपर्क

# रामगढ़ को पूर्ण विकसित और खुशहाल बनाना ही लक्ष्य : सुनीता चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने गुरुवार को दुलमी प्रखंड के पुतरीडीह, माथागोड़ा, सरना टोला, डुमरी टोला, ऊरबा, कारो, बम्मन्नी, व्यांग, कुल्ही, बोंगई, पांचा, गंधोनिया, जमुवा, बेड़ा, हरहद, बोरवाटोला, बगरई, पोटमदगा, भालू, मदगी, बोगासोरी, गढ़ापार, होहद, वीरहोंहे, सिकनी, होन्हे, सिरू, प्रियातू सहित विभिन्न गावों में जनसंपर्क कर जनता का समर्थन मांगा। इस दौरान सुनीता चौधरी को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। सुनीता चौधरी ने कहा कि जनता आजसू पार्टी के विकासवादी सोच पर भरोसा कर रही है।उन्होंने कहा कि जनता को भरोसा दिलाया विजयी होने के पश्चात वे रामगढ़ विधानसभा का कायाकल्प कर देंगी। रामगढ़ में विकास की गंगा बहेगी। जिले का निर्माण का गौरव आजसू पार्टी को है तो रामगढ़ को संवारने सजाने का गौरव भी हमें ही है। हम क्रियाशील सोच के साथ राजनीति करते हैं। संपूर्ण विकास ही हमारा उद्देश्य है। शिक्षा - रोजगार - विकास - महिला सुरक्षा पर विशेष कार्य होगा। मौके पर आजसू एवम भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आजसू सुप्रीमो ने चुनावी सभा कर आजसू के पक्ष में वोट मांगा

# केला का बागान सज चुका है, रामगढ़ की जनता उजड़ने नहीं देगी : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवादाता

**रजरप्पा।** विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के सुकरीगडा, लारी,मायल बाजार, चितरपुर, मायल, मारगमरचा, सहित कई पंचायतों का चुनावी दौरा कर जनसभा किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया है कि रामगढ़ विधानसभा में चंद्रप्रकाश के द्वारा इतने लंबे अरसे से जो ऐतिहासिक विकास कार्य किया गया है वह झारखंड के लिए एक अभूतपूर्व कार्य हुआ है उसे यहां की जनता को कभी भूलना नहीं चाहिए यहां के गरीब गुरवा हक और अधिकार दिलाने के लिए सुख और दुख में साथ देने के लिए हमेशा आजसू पार्टी कृत संकल्पित है तथा यहां का सर्वांगीण विकास की सिलसिला को आगे बढ़ाने के लिए आजसू पार्टी के उम्मीदवार सुनीता चौधरी का चुनाव चिन्ह केला छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की।



### कौन-कौन थे मौजूद

मौके पर ज्योतिंद्र चौधरी, बीना देवी, देवंती देवी सतीश महतो अनिल महतो सुराली महतो विशेश्वर महतो मटुक धारी महतो, पूर्व मुखिया टूसील देवी, सुशीला देवी, हकीम अंसारी, सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

### तीन वर्षों में सब कुछ चौपट

उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों के कार्यकाल में रामगढ़ विधानसभा का विकास की सत्यानाश की गयी है जिसे अब यहां की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी और सत्ता परिवर्तन करने का निर्णय ले चुका है पूर्व में 15 वर्षों से यहां पर केला का बागान लगा हुआ था जिसे कुछ घुसपैठियों ने घुसकर चुराने का काम किया जो अब यहां की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी और इस उपचुनाव में उसका मुंहतोड़ जवाब देगी। अबकी बार आजसू पार्टी के प्रत्याशी को डेढ़ लाख पार के नारों के साथ मतदाताओं का हौसला बुलंद किया और कहा की पूरे झारखंड प्रदेश में सबसे अधिक वोट रामगढ़ विधानसभा के आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी को शत प्रतिशत दें तथा ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने का कीर्तिमान स्थापित करें अबकी बार यहां के मतदाताओं का मन पूरी तरह से बदल चुका है तथा विकास के नाम पर वोट डालेगी जोकि आजसू पार्टी के उम्मीदवार सुनीता के पक्ष में ऐतिहासिक वोट देकर विजय का पताका लहराने का काम करेगी। क्षेत्र का विकास एनडीए ही कर सकता है किसी अन्य पार्टियों में दम नहीं, विकास के नाम पर यहां की जनता को 3 वर्षों तक ठगने का काम किया है।आगे कहा कि झारखंड राज्य में लूट का खसोट की सरकार है गरीब जनता का अधिकार को अपने अधिकारों से वंचित किया है राज्य की वर्तमान सरकार गरीब दलित पिछड़ों कि विकास एवं शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी-पेसा और रोजगार से जोड़ने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। विकास के नाम पर यहां की भोली भाली जनता को ठगा गया है चुनावी वादा करके भी यहां के शिक्षित युवाओं को रोजगार एवं नौकरी देने में पूरी तरह से विफल रही है जन समस्या को लेकर उन्होंने कहा की अंतिम व्यक्ति को जिसे हक और अधिकार मिलना चाहिए पता अस्पताल में मूलभूत विकास की योजनाएं मिलनी चाहिए उसे भी अब तक जमीन पर उतारने का काम नहीं कर पाई वैसी सरकार को उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है चुनावी वादों में भी पूरी तरह से विफल साबित हुई है। इसीलिए वैसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है पंचायत स्तर पर सरकार ने शोषण किया है अब नहीं चलेगी यहां के पंचायत के लोग ही खुद को शासन चलाएंगे जिसकी तैयारी आगे वाला समय में होगी।

## स्वास्थ्य बीमा एवं डेथ क्लेम के लिए बजट में राशि का प्रावधान की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में जाकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर 2023-2024 के बजट में राज्य के अधिवक्ताओं के हित में अधिवक्ता एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का प्रावधान करने की मांग की है। इसके साथ ही संघ ने अधिवक्ता की मृत्यु होने पर अधिवक्ता के आश्रितों को 25 लाख रुपये का डेथ क्लेम देने, नये एवं युवा अधिवक्ताओं को प्रतिमाह पांच हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि देने के लिए आगामी बजट में प्रावधान करने की मांग मुख्यमंत्री से की है। संघ ने मुख्यमंत्री से झारखंड सरकार द्वारा की गयी कोर्ट फीस वृद्धि को वापस लेने एवं अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की भी मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो, उपाध्यक्ष दिनेश चौधरी, मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद, निरंजन राम आदि शामिल थे।

## जी एंड एच हाई स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी



**रांची (आजाद सिपाही)।** जी एंड एच हाई स्कूल में गुरुवार 16 फरवरी को 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई सह शुभकामना समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रभु वंदना से हुआ। उन्नति गुप्ता एवं किशोर ने अपने संबोधन में कहा, यह पल अत्यंत ही दुखद है। लेकिन इसमें खुशी भी शामिल है। क्योंकि यह विदाई नहीं है बल्कि आगामी जीवन जीने के लिए नया मार्ग है। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका ने छात्रों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामना दी तथा हमेशा लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने को कहा। इस अवसर पर निर्देशिका ने यह भी कहा कि इस समय विद्यार्थियों को पूरी तरह से अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए समय पर सोना जागना उठना चाहिए तथा जीवन में हमेशा सकारात्मक उर्जा एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। आलस्य को दूर भगाकर कठिन परिश्रम करना चाहिए। इस अवसर प्राचार्य दिलीप कुमार झा नेअपने संबोधन में छात्रों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि परेशानियों से हार कभी नहीं मानना चाहिए। परीक्षा छात्र जीवन का एक पड़ाव है इसमें मेहनत के बल पर सफलता पाया जा सकता है। मेहनत और अनुशासन सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर समूह गान, एकल नृत्य तथा अनेक खेले भी खेले गये। हेड ब्वाय राहुल कुमार हेड गर्ल आयुषी कुमारी तथा अन्य विद्यार्थियो विद्यालय में बिताये गये क्षणों की यादें बांटी। मिस्टर जी एंड एच राहुल कुमार तथा मिस जी एंड एच आयुषी कुमारी चुनी गयी। संचालन 11वीं की छात्रा दुआ रजत तथा अर्पिता कुमारी सिंह ने किया।

## पांकी में सांप्रदायिक तनाव दुर्भाग्यपूर्ण सरकार कड़ी कार्रवाई करे : बंधु तिर्की

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि डाल्टेनगंज के पांकी में हुई आगजनी, तोड़फोड़ और सांप्रदायिक तनाव की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से न सिर्फ झारखंड का शांतिपूर्ण माहौल बल्कि इस प्रदेश की छवि भी प्रभावित होती है और निवेशकों में गलत संदेश जाता है। तिर्की ने सरकार से अपील की है कि, वह इस मामले में सभी दोषी पक्षों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि झारखण्ड को पूरे देश में आपसी सद्भाव के लिये जाना जाता है। यह वैसा प्रदेश है जहां तनाव की कम-से-कम घटनाएं होती है और ऐसी घटनाओं को हर हाल में रोका जाना चाहिये। तिर्की ने कहा कि, पांकी की घटना के सन्दर्भ में प्रशासन को ना केवल दोषी तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करनी चाहिये बल्कि अपना आकलन भी करना चाहिये। उन्होंने कहा कि यदि कारणों पर पकड़ मजबूत हो जाये और जिम्मेदार तत्वों और कारण को पहचान लिया जाये तो इसके कारण भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोका जा सकता है। पूर्व मंत्री ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी के लंबे शासनकाल के बाद पिछले 3 साल में झारखंड में वातावरण बदला है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार सकारात्मक दिशा में तेजी से काम कर रही है और यह वैसे तत्वों को नहीं पच रहा है जो झारखंड का अहित चाहते हैं।

# नकल करने पर लगेगा एनएसए

10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शुरू हो गयी हैं। यूपी में नकल रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई करने का आदेश दिया है, जो गलत है। सरकारी आदेश के मुताबिक, नकल करने और कराने वालों को तीन महीने तक बिना आरोप तय किये हिरासत में रखा जा सकता है। वहीं, परीक्षा में बाधा डालने या व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर गैंगस्टर एक्ट लगाकर उनकी संपत्ति कुर्क किये जाने की भी बात कही गयी है। इस बार के बोर्ड एग्जाम के लिए 58 लाख से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके लिए लगभग पौने नौ हजार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं, जिनसे एग्जाम की लाइव मॉनिटरिंग होगी। राज्य में जिस तरह से नकल माफिया की खबरें आती रही हैं, उन्हें देखते हुए ये इंतजाम सही हैं। इनके साथ परीक्षाओं में नकल रोकने के जो भी उपाय किये जा सकते हैं, किये जाने चाहिए। मगर नकल करने वाले छात्रों पर एनएसए के तहत कार्रवाई को ठीक नहीं माना जा सकता। इस मामले में पहला सवाल तो यही बनता है कि जिस तरह की शिक्षा छात्रों को मिलनी चाहिए, क्या वह उन्हें दी जा रही है? क्या स्कूलों में जितने शिक्षक होने चाहिए, उतने हैं? छात्रों और शिक्षकों का अनुपात क्या है? सच पूछिए तो सरकारी स्कूलों की खराब स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है। केंद्र सरकार के 2019 के आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में तकरीबन सवा दो लाख शिक्षकों की कमी है। दूसरी बात यह है कि नकल विरोधी नियम-कानून पहले से ही मौजूद हैं, जिनके तहत दोषी छात्रों को सजा दी जा सकती है। तीसरी बात यह है कि अगर छात्रों को नकल करने पर जेल भेजा जायेगा तो उनके अपराध के रास्ते पर आगे बढ़ने का डर भी पैदा होगा। एक सवाल यह भी है कि क्या इन छात्रों के नाम आपराधिक रिकॉर्ड में भी डाले जायेंगे? अगर ऐसा है, तो उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है। कुछ समय पहले उत्तराखंड सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहद सख्त नकल विरोधी कानून पास किया था। इसके तहत सरकार ने नकल करने-कराने वालों पर भारी जुर्माने और 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान किया था। मगर हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और यूनिवर्सिटी लेवल के परीक्षार्थियों को इससे अलग रखा गया। इसकी वजह प्रदेश सरकार की यह चिंता थी कि छात्रों को इतनी सख्त सजा नहीं दी जानी चाहिए। बेहतर यही होगा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था में मौजूदा खामियों को दूर करे। वह शिक्षा पर खर्च बढ़ाये। खासतौर पर सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर करे, क्योंकि आबादी का बड़ा हिस्सा निजी स्कूलों का खर्च उठाने की क्षमता नहीं रखता। जब तक शिक्षा व्यवस्था की कमियों को दूर नहीं किया जाता, तब तक सख्त नकल कानून बनाने से कुछ हासिल नहीं होगा।

**खासतौर पर सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर करे, क्योंकि आबादी का बड़ा हिस्सा निजी स्कूलों का खर्च उठाने की क्षमता नहीं रखता। जब तक शिक्षा व्यवस्था की कमियों को दूर नहीं किया जाता, तब तक सख्त नकल कानून बनाने से कुछ हासिल नहीं होगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्राचीनकाल में यह वानप्रस्थ अवस्था कहलाती थी जब मनुष्य अपनी जिम्मेदारियों को समेटकर संतों, ऋषियों-मुनियों के आश्रम में जाकर प्रभु भक्ति में बाकी की जीवनयात्रा का समापन करता था जो आज के परिदृश्य में बदल गयी है। आज उसे वृद्धावस्था भी परिवार व समाज में काटने की यातना अथवा सुखद अनुभव सहित ही गुजारनी पड़ती है जहां उसे जीवन के खट्टे-मीठे अनुभव होते हैं।**

# बुढ़ापा : अभिशाप भी वरदान भी

**जेपी शर्मा**

मनोविश्लेषक की नजर में बुढ़ापा न ही अभिशाप है न ही वरदान है अपितु एक अभिशप्त वरदान है, जो दुखों एवं सुखों का अद्भुत मिश्रण है। इंसानी जीवन काल को शास्त्रों के अनुसार मुख्यतया चार भागों में बांटा गया है बचपन, जवानी, अधेड़ावस्था एवं बुढ़ापा परन्तु बारीकी से नजरसानी करें तो शैशव, बचपन, अवयस्कावस्था, यौवन, अधेड़ावस्था, वृद्धावस्था, वयोवृद्धता भी जीवन दर्शन की ही अवस्थाएं हैं। शैशवकाल तो ज्यादातर मां-बाप की गोद में ही व्यतीत हो जाता है। बचपन शिक्षाकाल में ही गुजर जाता है अवयस्क सुखद कल्पनाओं व दिवा स्वप्नों में कट जाता है। यौवन गृहस्थ के उतार-चढ़ाव व रोजी-रोटी कमाने में व्यस्त रहता है अधेड़ावस्था बच्चों को सेटल करने में गुजरती है। रह जाता है, बुढ़ापा एवं वयोवृद्धता जो आज का मुख्य विषय है।

प्राचीनकाल में यह वानप्रस्थ अवस्था कहलाती थी जब मनुष्य अपनी जिम्मेदारियों को समेटकर संतों, ऋषियों-मुनियों के आश्रम में जाकर प्रभु भक्ति में बाकी की जीवनयात्रा का समापन करता था जो आज के परिदृश्य में बदल गयी है। आज उसे वृद्धावस्था भी परिवार व समाज में काटने की यातना अथवा सुखद अनुभव सहित ही गुजारनी पड़ती है जहां उसे जीवन के खट्टे-मीठे अनुभव होते हैं। अपवाद के तौर पर कइयों को वृद्धाश्रम भी नसीब होते हैं जहां असहाय, बेबस, अकेलेपन अपनों की नजरन्दाजी की यातना से भी दो-चार होना पड़ता है और अंत में बेमौत मरना ही भाग्य में लिखा होता है।



**अंग्रेजी में कहावत है जिसका मतलब है हरेक काले घने बादलों में बिजली की चमक होती है दूसरी कहावत का अर्थ है दुख भरे अनुभवों में कभी-कभी मीठे फल छिपे रहते हैं ऐसा अनुभव परिवार में रह रहे वृद्धों के साथ ही होते हैं। जीवनभर एक-एक तिनका इकट्ठा करके कठिनाई भरे जीवन में जो आशियाना बनाया होता है उसी आशियाने में बनाया कुनबा ही उसे उपेक्षित कर देता है।**

अंग्रेजी में कहावत है जिसका मतलब है हरेक काले घने बादलों में बिजली की चमक होती है दूसरी कहावत का अर्थ है दुख भरे अनुभवों में कभी-कभी मीठे फल छिपे रहते हैं ऐसा अनुभव परिवार में रह रहे वृद्धों के साथ ही होते हैं। जीवनभर एक-एक तिनका इकट्ठा करके कठिनाई भरे जीवन में जो आशियाना बनाया होता है उसी आशियाने में बनाया कुनबा ही उसे उपेक्षित कर देता है। उसके अनुभवों से फायदा उठाने की बजाय उसकी कोई सुनता ही नहीं। उसकी आधारभूत जरूरतें भी पूरी करने में किसी को कोई रूचि नहीं होती, उसे उसी के हाल पर छोड़कर सभी अपनी निजी जिंदगी में मस्त हो जाते हैं। अपने अकेलेपन, बेबसी व असहायपन में जब वह आत्म चिंतन करता है तो सिवाय तनाव, अवसाद, कुंठा निराशा पछतावे के कुछ स्मरण नहीं रहता यदि पति-पत्नी में से कोई एक मृत्यु को प्राप्त हो गया, जो शाश्वत सत्य है तो कोढ़ में खाज वाली कहावत चरितार्थ हो जाती है। पीछे अकेला बचा शख्स दुख-सुख सांझे करके मन की बात भी कहने को तरस जाता है। बेटे बहुओं के दामन से लिपटे जीवन का आनंद मना रहे होते हैं बहुएं मायके वालों से ज्यादा संपर्क में रह कर वृद्ध व्यक्ति को बेकार-सी वस्तु समझ उपेक्षित कर देती हैं। पोते-पोतियों को भी उसके पास भटकने नहीं देतीं, जीवन के आखिरी चरण में अकेले नारकीय जीवन जीना ही उसकी नियति बन कर रह जाती है। बाहरी दुनिया से संपर्क कट-सा जाता है। उसके बाहरी मित्रों के साथ मेल-जोल पर भी बंधन लगने लगते हैं ताकि कहीं वह अपनी व्यथा किसी को सुना कर घरवालों का समाज में इम्प्रैशन खराब न करे।

आखिर एक दिन ऊपर वाला ही उसे अपनी आगोश में लेकर उसकी सभी व्यथाओं का अंत कर देता है। पीछे बचे उसके अपने दुनिया के समक्ष दिखावे हेतु कुछ रोना-धोना करके दिवगंत व्यक्ति की बची-खुची संपत्ति के बंटवारे में व्यस्त हो जाते हैं। नकली फूलमाला डाल कर उसकी तस्वीर दीवार पर टांग दी जाती है, जिसकी ओर कोई देखता भी नहीं। कभी-कभार तो उसकी तस्वीर को किसी कोने में रखकर कर्तव्यों की इतिश्री कर ली जाती है जिसे घर की पुनः साज-सज्जा करते समय कूड़े में फेंक दिया जाता है और इस तरह उसका अस्तित्व ही समाप्त कर दिया जाता है यद्यपि अपवाद आज भी है जहां बुजुर्गों एवं दिवगंत आत्माओं का बड़ी आत्मीयता से सम्मान कर उन्हें ईश्वर का दर्जा दिया जाता है और प्रातः प्रणाम से लेकर प्रत्येक खुशी के अवसर पर स्मरण किया जाता है।

बच्चों को उनकी अच्छाइयों एवं कर्तव्य परायणता की कहानियां सुनायी जाती हैं, परंतु ऐसे अपवाद गौण ही हैं। यदि परिवार ने साथ दिया हो तो बेटे बहुओं को जिंदगी का सलीका समझाना, पोते पोतियों को धार्मिक प्रसंग सुनाकर उन्हें धर्म की आस्था के प्रति सजग करना, पौराणिक कहानियां सुनाकर उनकी ज्ञान वृद्धि करना एवं ऐसे ही सकारात्मक कार्यों से परिवार का पूर्णतया संरक्षण करना, सामाजिक भलाई के कामों में व्यस्त रहकर बुढ़ापे को सुखद बनाना, प्रभु भक्ति में लीन रह कर मोक्ष प्राप्ति के मार्ग को सशक्त बनाना अंतकाल में परिवार के स्नेह व सामाजिक प्रतिष्ठा सहित अपने पीछे सुखद स्मृतियां छोड़ कर विदा लेना बुढ़ापे को अभिशाप नहीं वरदान स्वरूप व्यतीत करना अपनी जीवनभर की उपलब्धियों व अनुभवों को क्रियात्मक रूप देना एवं प्रभु के स्वरूप में अपनी आत्मा को विलीन कर देना ही श्रेष्ठतम जीवनदर्शन है।

**बच्चों को उनकी अच्छाइयों एवं कर्तव्य परायणता की कहानियां सुनायी जाती हैं, परंतु ऐसे अपवाद गौण ही हैं।**

## जमशेदपुर की खबरें

# हेमंत सरकार में ग्रामीण युवा खिलाड़ियों में दिखने लगी प्रतिभा : महाबीर मुर्मू

**जेएससी क्लब ने किया दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाकुलिया।** पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखंड अंतर्गत कालियाम पंचायत के बुरूजबोनी गांव में जेएससी क्लब के द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गुरुवार को प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि झामुमो नेता महाबीर मुर्मू शामिल हुए। मौके पर जेएससी क्लब के प्रतिनिधि व ग्रामीणों द्वारा झामुमो नेता महाबीर मुर्मू का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने फाईनल मैच में शामिल दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त व फुटबॉल में किक मारकर खेल का शुभारंभ किया। मौके पर ग्रामीण खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए महाबीर मुर्मू ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति काफी प्रतिभा है। उचित मंच मिलने से खिलाड़ी अपने प्रतिभा को दिखा सकते हैं। इस ही उद्देश्य के साथ राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से झारखण्ड के सभी जिले में खेल पदाधिकारी को मनोनीत किया है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को राज्य का नाम रोशन करने का मौका मिले व देश विदेशों में झारखंड राज्य के नाम रोशन हो सकें। मौके पर महाबीर मुर्मू के द्वारा प्रतियोगिता में फाईनल मैच के विजेता रहे शांकाभांगा टीम को नगद 10 हजार व उप विजेता रहे चन्देनपुर टीम को नगद 7000 हजार का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं सेमीफाइनल में रहे दोनों टीमों को 4000-4000 हजार दिया गया। मौके पर राम चंद्र हांसदा, दाखिन किस्कु, अर्जुन हेम्ब्रम, रॉकी सिंह, करण वीर कालिंदी, सरकार मुर्मू, शिवु हेम्ब्रम, ग्राम प्रधान परमेश्वर टुडु, कमेटी के अध्यक्ष बिमल टुडु, सचिव बाबुलाल हेम्ब्रम सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# मानगो में पथ विक्रेताओं के लिए कैंप का आयोजन

**16 फरवरी से प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने का सख्त निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** मानगो नगर निगम क्षेत्र में सरकार के निर्देश पर कैम्प लगाकर विशेष मुहिम चलाया गया। मौके पर विक्रेताओं को 16 फरवरी से प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने का सख्त निर्देश दिया गया। झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग व मंत्रालय के निर्देश पर पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ, पथ विक्रेताओं का स्मार्ट कार्ड, डिजिटल ट्रांजैक्शन की जागरूकता एवं कैशबैक का लाभ दिलाने की जानकारी दी गयी। कैंप में पीएम स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार का लाभ नहीं मिला है एवं जिन्होंने अब तक स्मार्ट कार्ड का आवेदन का फॉर्म नहीं भरा उन सभी पथ विक्रेताओं को जागरूक किया गया। साथ ही सरकार के अन्य योजनाओं से जोड़ने व सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से आवेदन फॉर्म भरवाया गया। मौके कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा पथ विक्रेता में जिन्हें 10000 का लाभ मिल चुका उन सभी को डिजिटल ट्रांजैक्शन करना व प्राप्त होने वाले कैशबैक का लाभ लेना चाहिए। जनपद विक्रेताओं को अब तक पीएम स्वनिधि योजना का लाभ नहीं मिला है वे कार्यालय आकर आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। मानगो डिमना रोड के कई वेंडिंग जोन में डिजिटल कैंप के दौरान पथ विक्रेताओं को क्यूआर कोड उपलब्ध कराया गया। कैंप में पीएम स्वनिधि योजना के तहत छुटे हुए पथ विक्रेताओं का आवेदन फॉर्म भी भरवाया गया। इस अवसर पर सीएमएम, नगर प्रबंधक दिनेश्वर यादव, सीओ पुष्पा टोप्पो, उर्मिला देवी, टाउन वेंडिंग कमिटी के सदस्य उत्तम चक्रवर्ती फोन पे के कर्मी उपस्थित रहे।

# कम समय में सीबीएसई कक्षा 12वीं की तैयारी कैसे करें : नीरज प्रसाद



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा जगत में 12वीं की परीक्षा का महत्व विद्यार्थियों के लिए अहम है। इसके लिए सालों भर तैयारी करनी पड़ती है। लेकिन समय कम होने से विद्यार्थियों की चिंता बढ़ने लगती है। बिहार से जीएलए यूनिवर्सिटी के मैनेजर नीरज प्रसाद ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा इसके लिए विद्यार्थियों को घबराने की जरूरत नहीं है। सीबीएसई कक्षा 12वीं की तैयारी कैसे आसानी से कर सकें इस पर उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया जीएलए यूनिवर्सिटी एनएएसी ए+ ग्रेड यूनिवर्सिटी है। कक्षा 12वीं की परीक्षा की तैयारी के लिए समय कम है। इसके लिए रणनीति तैयार कर ही समय के साथ तैयारी तय करना होगा। इसके लिए परीक्षा का पैटर्न पता होना बहुत जरूरी है। इसके अनुसार विषयवार उत्तर तैयार करना होगा। इसके लिए विद्यार्थियों को सवाल रटना नहीं बल्कि यूज करना जरूरी है। विद्यार्थियों को चैप्टर वाइज नोट्स बनाना होंगा और ये नोट्स सेल्फ मेड होना चाहिए। क्योंकि हर विद्यार्थियों अपने तरीके से जवाब याद करते है। उसके बाद ठउएफ्ळ एनसीईआरटी के प्रश्न पूरा बनाएं और समय को देखते हुए बीते वर्षों के प्रश्नों की तैयारी करना होगा। उन्होंने बताया विद्यार्थियों को आत्म अभ्यास पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। अगर कोई भी समस्या छात्रों को हो तो 9934814383 पर व्हाट्सएप या कॉल करके मार्गदर्शन ले सकते हैं।

# अनियंत्रित टैंकर की चपेट में आने साइकिल सवार की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-कांड्रा मार्ग पर सदर अस्पताल के समीप गुरुवार शाम लगभग 6 बजे तेज रफ्तार से अनियंत्रित टैंकर ने साइकिल सवार को चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगो के अनुसार घटना स्थल पर ही साइकिल सवार का मौत होगया। उधर सड़क दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर मौजुत स्थानीय लोगो के अनुसार युवक साइकिल से उपायुक्त कार्यालय की ओर से आ रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार टैंकर ने साइकिल सवार को रौंद दिया। जिससे साइकिल सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस व सदर अस्पताल से एम्बुलेंस के साथ स्वास्थ्य कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पुलिस ने टैंकर का पीछा कर बिरसा चौक पर धर दबोचा। समाचार लिखे जाने तक मृतक की कोई पहचान नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस आगे की करवाई में जुट गई है।

# दिल्ली में मजदूर किसान संघर्ष रैली 5 अप्रैल को

**सीटू ने कोल्हान के तीनों जिलों के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** दिल्ली में 5 अप्रैल को होने वाली मजदूर किसान संघर्ष रैली को लेकर सीटू ने जमशेदपुर के गोलमुरी कार्यालय में एक बैठक की। गुरुवार को बैठक में किसान सभा एवं खेतिहार मजदूर यूनियन का कोल्हान स्तरीय संयुक्त कन्वेंशन स्थापित किया गया। बैठक में तीनों जिलों के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो,महासचिव सुरजीत राय,सीटू के राज्य महासचिव विश्वजीत देब के अलावा के के त्रिपाठी, स्वपन महतो, लोटन दास ने अपने बिचार रखी। मौके पर उन्होंने कहा राष्ट्रीय संपदा के उत्पादक मजदूर और किसान के हितों की कीमत पर केंद्र सरकार, कारपोरेटों और अति धनाढ्यों के पक्ष में नीतियां बनाने में लगी हुई है। मेहनतकश जनता और देश को बचाने के लिए इसको बदलने की आवश्यकता हैं। जन जागरण अभियान के तहत सभी मेहनतकशों को देश के जनता को बचाने के लिए मौजूदा देश विरोधी व जन विरोधी नीतियों को बदलवाने के निर्णायक संघर्षों में शामिल होना होगा। इसके लिए संकल्प के साथ-साथ 5 अप्रैल को अखिल भारतीय रैली में कोल्हान प्रमंडल से 1000 से अधिक मजदूरों और किसानों की भागीदारी उद्घोष के साथ करना होगा। सुरजीत सिन्हा ने कहा कि ना तो देश को कारपोरेटों के हाथ बिकने दिया जाएगा और ना ही मेहनतकशों को उनके गुलाम बनने दिया जाएगा। सपन महतो ने बताया 5 अप्रैल की रैली में मेहनतकश लोगों के ज्वलंत मुद्दों जैसे कीमतों में लगातार वृद्धि, नौकरियों का नुकसान, बेरोजगारी, रोजगार एवं जीवन स्तर की बिगड़ती स्थिति,राष्ट्रीय संपत्ति को निजी कॉरपोरेट्स को सौंपने का मामला,अति धनवानों का तुष्टिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य सभी सेवाएं का व्यावसायीकरण, अधिकारों पर हमले, संवैधानिक और संसदीय मानदंडों और प्रथाओं का उल्लंघन, अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाया जाएगा। विश्वजीत देव ने बताया कोल्हान क्षेत्र में फरवरी व मार्च माह में तीनों संगठनों के कार्यकर्ता रैली, जत्था, पदयात्रा, नुक्कड़ सभा, घर-घर प्रचार के माध्यम से एक लाख परिवारों तक पहुंचकर जनता की एकता को बनाए रखते हुए कॉर्पोरेट सांप्रदायिक गठजोड़ को हराने के आव्हान के साथ साथ विकल्प नीतियों की प्रचार करेंगे। उन्होंने कन्वेंशन से देश के सभी प्रगतिशील और लोकतांत्रिक वर्गों से 5 अप्रैल 2023 को अभियान व मजदूर किसान संघर्ष रैली को हरसंभव समर्थन देने का आग्रह किया।

# पुलिस गयी थी छापामारी करने, झामुमो नेता ने पुलिस पर मारपीट कर पैर तोड़ने का लगाया आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** 17 जनवरी को टुसू मेला के दौरान दंगा भड़काने व टेल्को थाना की जीप पर पथराव कर एसआई को घायल करने के मामले में बिरसानगर पुलिस ने सुंदरहातु निवासी झामुमो के मंडल सचिव कमल मुखी के घर छापामारी की। इस दौरान कमल मुखी और परिवारवालों के साथ पुलिस की झड़प हुई।

पुलिस की पिटाई में कमल मुखी का पैर टूट गया है। इसके बाद पुलिस ने उसे एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराए कमल मुखी ने बताया कि पुलिस ने सादे लिबास में दोस्त का नाम लेकर दरवाजा खुलवाया। फिर अंदर घुस कर मारपीट की। घर में पड़े रॉड से महिलाओं को भी पुलिस ने पीटा। कमल ने हमला करने का आरोप बिरसानगर थानेदार प्रभात कुमार समेत 10 अन्य पुलिसकर्मियों पर लगाया गया है। मामले में कार्रवाई को लेकर कमल के परिजनों ने एसएसपी से मुलाकात की। एसएसपी ने मामले की जांच का आश्वासन उन्होंने दिया। कमल मुखी ने बताया कि 17 जनवरी को अपने भाई गोपाल लोहार के साथ जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुई थी जिसकी शिकायत थाना में होने के बाद दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया था। इसके बाद से पुलिस संडे मार्केट में टुसू मेला दंगा भड़काने और पुलिस जीप पर हुए पथराव के मामले में झूठा आरोप लगाते हुए फंसा रही है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भंडरिया में न्यू रूरल पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल का उद्घाटन



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कंजिया बाजार में न्यू रूरल पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल का उद्घाटन मुखिया मोनिका खलखो एवं डॉक्टर कादरी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर डॉक्टर कादरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को सुविधा के लिए न्यू रूरल पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल खोला गया है। उन्होंने कहा कि 1 मार्च से स्कूल में बच्चों का नामांकन प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए नामांकन फार्म भरना शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अंग्रेजी वातावरण बने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कंप्यूटर की भी पढ़ाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए अच्छा सुसज्जित क्लास रूम रहेगा। एक ही परिवार के तीन बच्चों में एक बच्चे का महीना शुल्क माफ कर दिया जाएगा। विद्यालय में खेलकूद के लिए मैदान की व्यवस्था है। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर शकील अहमद, प्रिंसिपल फातमी नूर, वाइस प्रिंसिपल तौकीर अहमद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष बजरंगबली, पूर्व मुखिया सूर्यमणि तिर्की, रेखा कुजूर, झामुमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शंभू यादव, शंभू गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### अनुमंडल कार्यालय में कैंप लगाकर सभी दुकान एवं दुकानदारों का किया गया रजिस्ट्रेशन




**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को कैंप लगाकर सभी छोटे-बड़े दुकान व दुकानदारों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इसके संबंध में जानकारी देते हुए रंका अनुमंडल पदाधिकारी रामनारायण सिंह ने बताया कि अनुमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी प्रकार के छोटे बड़े दुकान व दुकानदारों को कैंप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही उन्हें दुकानों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, खासकर खाद्य सामग्री को ढंक कर रखने, सही तौल कर देने, ग्राहकों से अच्छा व्यवहार करने तथा मिलावट नहीं करने का निर्देश दिया गया है। एसडीओ के द्वारा उपस्थित लोगों से जो दुकानदार रजिस्ट्रेशन नहीं करा सके हैं उन्हें जानकारी देने की भी अपील की गयी। हालांकि इस कैंप के बारे में प्रचार प्रसार किया गया है। इस अवसर पर दुकानदारों को रजिस्ट्रेशन कि सर्टिफिकेट भी अनुमंडल पदाधिकारी रामनारायण सिंह के द्वारा दिये गये। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय जन्म- मृत्यु से संबंधित मामलों को लेकर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय जन्म मृत्यु से संबंधित मामलों को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण शिविर में भवनाथपुर, केतार व खरौंधी प्रखंड के जेई, पंचायत सेवक व पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर में सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी चंद्रदेव पासवान ने उपस्थित सभी प्रखंड कर्मियों को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने से पूर्व अस्पताल, पुलिसिया कार्रवाई से संबंधित जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी करने तथा इसके बाद उससे संबंधित प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु आवश्यक जानकारी दी। इस मौके पर पंचायत सचिव भुवनेश्वर सिंह, सतीश सिंह अजीत सिंह, विष्णु प्रसाद, अशोक कुमार, विनोद पासवान, उमेश राम सहित तीनों प्रखंड के कर्मी उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** झामुमो कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से मनाया मंत्री मिथिलेश का जन्मदिन

# सदर अस्पताल में रक्तदान एवं मरीजों के बीच फल और ब्रेड का किया वितरण

**कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मंत्री की लंबी उम्र की कामना के साथ सभी ने एक-दूसरे को केक खिलाया एवं मिठाईयां बांटी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के जन्मदिन के मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। तत्पश्चात मरीजों के बीच फल एवं ब्रेड का वितरण किया।

इससे पूर्व मंत्री श्री ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। झामुमो कार्यकर्ताओं ने नौ यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, महिला मोर्चा मुख्य संयोजक रेखा चौबे, मेराल महिला मोर्चा अध्यक्ष अराधना सिंह, महिला मोर्चा जिला सचिव चंदा देवी, विवेक सिंह, विकास राणा, मयंक दिवेदी, भोला केशरी व अमरेश झा के नाम शामिल हैं।




मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में उत्सव के मौके पर भी सेवा की भावना है। झामुमो के लोग जनसेवा के किसी भी मौके को नहीं छोड़ते हैं। लोगों ने केक काटकर मंत्री श्री ठाकुर की लंबी उम्र की कामना की। सभी ने एक-दूसरे को केक खिलाया एवं मिठाईयां बांटी।

झामुमो नेताओं ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर जैसे जनप्रतिनिधि मिलना पूरे गढ़वा वासियों के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

मौके पर झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, फुजैल अहमद, रंथा नायक, टुनटुन, दिलीप गुप्ता, भोला केसरी, राजा सिंह, धनंजय पासवान, जफर खान, मिथिलेश चौधरी, पप्पू तिवारी, जितेंद्र चौधरी, अरविंद पटवा, विष्णु सिंह, नीलू खान, अरमान सिद्दीकी, ओम प्रकाश गुप्ता, फैजुल अंसारी, बबलू सिंह, सत्यम सिंह, विकास राणा, शुभम गुप्ता, बलवंत, शादाब खान, अभिषेक मेहता, कौस्तुभ तिवारी, रेखा पाठक, चंदा देवी, आराधना सिंह सहित काफी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 51 जिला बल के साक्षर आरक्षियों को मिली एएसआइ पद पर पदोन्नति



**सभी पदोन्नत एएसआई को एसपी ने स्टार लगाकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पुलिस बल के 51 साक्षर आरक्षियों को पदोन्नति मिलने पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने स्टार लगाकर सम्मानित किया।

इस मौके पर एसपी अंजनी कुमार झा ने पदोन्नति प्राप्त करने वाले जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी को अब और अधिक जिम्मेदारी के साथ काम करना है।

उन्होंने सभी को पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि पुलिस पदाधिकारी के पास बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है किसी पीड़ित को न्याय दिलाना। इसलिए अपने सेवाकाल के दौरान हमेशा बेहतर काम करते हुए आप अपनी अलग पहचान बनायें।

## नरही पंचायत में पुस्तकालय प्रबंधन एवं सलाह समिति का किया गया गठन

**मुखिया मनोज कुमार ठाकुर अध्यक्ष एवं पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह बनाये गये सचिव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देशानुसार नरही पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने गुरुवार को पंचायत सचिवालय में बैठक कर पुस्तकालय प्रबंधन एवं सलाह समिति का गठन किया।

बैठक में जानकारी देते हुये पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के निर्देश के आलोक में 16 सदस्यीय पुस्तकालय प्रबंधन एवं सलाह समिति का गठन किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को प्रबंधन एवं सलाह समिति के गठन के उद्देश्यों की जानकारी विस्तार से दी।



बैठक में सर्वसम्मति से पुस्तकालय प्रबंधन एवं सलाह समिति का गठन किया गया। जिसमें पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर को अध्यक्ष, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह को सचिव, वार्ड सदस्य सह शिक्षा स्वास्थ्य व वन पर्यावरण समिति के अध्यक्ष शर्मा राम, स्वयंसेवक कृष्णा कुमार, सेवा निवृत्त शिक्षक विंध्याचल सेठ, पंचायत के दो युवक रामेश्वर राम, सूरज कुमार, महिला संगठन के सुनीता देवी, संगीता देवी, पंचायत के विद्यालयों के शिक्षक सुधीर चौबे, निर्मल कुमार, अलीम अंसारी, बिनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, कुमारी नीलम पांडेय व ज्ञान प्रकाश को सदस्य तथा लाइब्रेरियन सत्येंद्र कुमार को बनाया गया।

बैठक में उपमुखिया शारदा पासवान, पंचायत सचिव बिरेन्द्र कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, कुमारी नीलम पांडेय, रामेश्वर राम, सूरज कुमार, सुनीता देवी, संगीता देवी, शर्मा राम, सुधीर चौबे, निर्मल कुमार, बिनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, अनूप कुमार विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश सहित अन्य उपस्थित थे।

## बरडीहा सीओ ने की अवैध पत्थर उत्खनन की जांच

**सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने कहा-वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पत्थर माइंस की मापी की गई है, रिपोर्ट जिला के वरीय पदाधिकारी के पास भेजी जाएगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा अंचल क्षेत्र के जीत पहाड़ी में जमीनी सतह से मानक से अधिक पत्थर माइंस की खुदाई की जांच उपायुक्त के निर्देश पर गुरुवार को की गयी। मझिआंव सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने जांच के दौरान पत्थर माइंस का क्षेत्रफल भूमि की मापी की गयी। साथ ही माइंस की गहराई की भी मापी की गई। इसके पश्चात मांइस मापी प्रतिवेदन जिले के वरीय पदाधिकारी के पास भेज दी गई। विदित हो कि बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के जीत पहाड़ी के समीप खाता संख्या 307 एवं प्लॉट नंबर 260



में पत्थर खुदाई की लीज करवायी गई थी। जिसमें खनन विभाग की उदासीनता के कारण इस माइंस में जमीनी सतह से लगभग डेढ़ सौ फीट के लगभग गहराई में खुदाई का मामला प्रकाश में आया था। इसके साथ ही माइंस के अधिक गहराई होने के कारण उसमें जमा पानी को निकालने के लिए 24 घंटे बड़ी मशीनों के द्वारा पानी की निकासी कर बहाया जा रहा था और पत्थर की निकासी किया जा रहा था। जिसके कारण बरडीहा के आसपास में स्थित सभी चापाकल एवं कुआं में पानी लेयर काफी नीचे चले जाने की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही थी। इस दौरान पूछने पर अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पत्थर माइंस की मापी की गई है। मापी की रिपोर्ट जिला के वरीय पदाधिकारी के पास भेजी जाएगी। इस दौरान मुख्य रूप से बरडीहा बीडीओ सह सीओ सुश्री दीपमाला, अंचल निरीक्षक राजकुमार, राजस्व कर्मी आलोक कुमार दास एवं अमीन राजाराम मेहता एवं धर्म देवराम मुख्य रूप से शामिल थे।

### बेड़ो में एक बोरिंग सबमर्सिबल एवं दो सिंचाई मशीन की चोरी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टेरो चटकपुर गांव में बुधवार की रात को दो अलग-अलग किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए लगी एक सबमर्सिबल मोटर मशीन व दो सिंचाई मशीन को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। जिसमें बारी खेत से मंगा पहान की सबमर्सिबल व कुएं से सिंचाई मशीन और उदय उरांव के कुंए से सिंचाई मशीन हो गयी। ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह इन दिनों किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। गुरुवार की सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो मशीन गायब थी। जिसकी लिखित सूचना उन्होंने बेड़ो थाना पुलिस को दी है। इधर बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए जगह-जगह छापेमारी की जा रही है। जल्द ही चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

**कार्यालय नगर परिषद,रामगढ़**

**प्रेस विज्ञप्ति**

रामगढ़ नगर परिषद्, क्षेत्रान्तर्गत सभी बिल्डर्स एवं भवन मालिकों/सोसाईटी को सूचित किया जाता है कि सभी बहुमंजिली इमारतों आवासीय एवं व्यवसायिक निर्मित एवं निर्माणाधीन के सुरक्षा मानकों जैसे अग्निशमन यंत्र का अधिष्ठापन इत्यादि के सत्यापन हेतु नगर परिषद्, रामगढ़ स्तर से जाँच दल का गठन किया गया है, जिसमें नगर परिषद्, के साथ–साथ अग्निशमन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता तथा दण्डाधिकारी भी शामिल होंगे। अनुरोध है कि इस कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाए ताकि जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित किया जा सके।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 290514 District(22-23).D

**कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, रामगढ़ के निदेश के आलोक में राजस्व संग्रहण से संबंधित समिक्षा बैठक आहुत की गई समीक्षा के दौरान राजस्व लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली पर खेद व्यक्त की गई। नगर परिषद्, रामगढ़ के सभी धृती (Holding Tax) कर धारकों तथा Trade Licence धारको से अनुरोध है कि अपना कर नगर परिषद्, जन सूविधा केन्द्र में जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के धाराओं के तहत् नगर परिषद्, रामगढ़ कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 290515 District(22-23)D

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड**
**जिला कृषि पदाधिकारी –सह–**
**परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा**
नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्वर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी की उपयोजना सब मिशनऑन एग्रीकल्वर एक्सटेंशन
(ईमेल– daolohardaga@gmail.com & atma.lohardaga@rediffmail.com)

**प्रेस विज्ञप्ति**

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), लोहरदगा द्वारा नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी योजना की उपयोजना सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अंतर्गत प्रकाशित विज्ञापन सं0 **PRNo289720Lohardaga (22-23D)** दिनांक **10.02.2023** के तहत विज्ञापित पद प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (**BTM**) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों (**ATM**) को दिनांक **15.02.2023** तक अभ्यार्थियों द्वारा लिखित रूप से प्राप्त आपति का निराकरण कर अभ्यार्थियों का कम्प्युटर दक्षता परीक्षा हेतु सूची तैयार की गई है। प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (**BTM**) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों (**ATM**) की कम्प्युटर दक्षता परीक्षा दिनांक **21.02.2023** के **पूर्वाहन 11.00** से **NIC** लोहरदगा, समाहरणालय भवन के भू–तल्ला में निर्धारित है। अभ्यार्थियों की सूची का प्रकाशन **NIC Lohardaga** के **Website- www.lohardaga.nic.in** और आत्मा लोहरदगा के बेबसाइट **www.atmalohardaga.co.in** में सूची **upload** किया गया है। अभ्यार्थियों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को कम्प्युटर दक्षता परीक्षा हेतु ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

–ह0–
जिला कृषि पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR290513 (Lohardaga)22-23*D

**तैयारी :** जिलावासी ज्यादा से ज्यादा विभिन्न योजनाओं में एनरोलमेंट कराकर उठायें कैंप का लाभ : एलडीएम

# ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प का आयोजन आज से

**जिले के सभी 189 ग्राम पंचायतों में पंद्रह अगस्त तक सभी बैंक शाखाओं की ओर से लगाया जा रहा कैम्प**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले के सभी 189 ग्राम पंचायतों में आज से पंद्रह अगस्त तक जिले के सभी बैंक शाखाओं की ओर से कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी अग्रणी बैंक प्रबंधक इंदु भूषण लाल ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त कैम्प में जन धन खाते, सामान्य बचत खाते, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना सहित मुद्रा लोन, केसीसी लोन, स्टैंड अप इंडिया लोन से संबंधित आवेदन भी लिये जायेंगे। इस संबंध में पंचायतवार तिथि का निर्धारण किया जा चुका है। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड कृषि कार्य हेतु बैंकों से केसीसी के माध्यम से किसानों को ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए ग्रामीणों का खाता बैंक में होना जरूरी है।

मुद्रा लोन इसमें बेरोजगार युवक/युवतियों को स्वरोजगार हेतु बिना किसी गारंटर के 10 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही वैसे लाभुक जो पूर्व से रोजगार कर रहे हैं उसे बढ़ाने हेतु भी मुद्रा लोन दिया जाता है।

प्रधानमंत्री जन धन खाता कि



सभी योजनाओं का संचालन बैंक खातों के माध्यम से किया जाता है। ग्रामीणों के बचत को बढ़ाने के मकसद से योग्य व्यक्ति का एक बैंक खाता होना अत्यंत आवश्यक है।प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत इस योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से 70 वर्ष के व्यक्ति जिनकी दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो जाती है उनके परिवार के नामित व्यक्ति को एक मुश्त दो लाख की राशि अथवा पूर्ण या आंशिक विकलांगता पर लाभार्थी को क्रमशः दो लाख या एक लाख की राशि देने का प्रावधान है, जिसके लिए दावा करना होता है। इसके लिए लाभार्थी का बैंक खाता होना अनिवार्य है और इसके लिए प्रतिवर्ष 20 रुपये की प्रीमियम राशि बैंक खाते के माध्यम से जमा करनी होती है। प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत इस योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से 50 वर्ष के व्यक्ति जिनकी किसी भी कारण से मृत्यु हो जाती है उनके परिवार के नामित व्यक्ति को एक मुश्त दो लाख की राशि देने का प्रावधान है, जिसके लिए दावा करना होता है। इसके लिए लाभार्थी का बैंक खाता होना अनिवार्य है और इसके लिए प्रतिवर्ष 436 रुपये की प्रीमियम राशि बैंक खाते के माध्यम से जमा करनी होती है। वहीं अटल पेंशन योजना अंतर्गत पेंशन के रूप में पांच राशियां यथा 1000, 2000, 3000, 4000 और 5000 रुपये में उपलब्ध है। आवेदक को चुनना होता है कि 60 वर्ष के बाद कितना मासिक पेंशन प्राप्त करना चाहते हैं। इसके लिए आवेदक के आज के उम्र के अनुसार उन्हें मासिक, तिमाही, छमाही राशि 60 वर्ष की उम्र तक जमा करनी होती है जो उनके बैंक खातों से ही कटता है। उन्होंने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर होने वाले इन कैम्पों में ज्यादा से ज्यादा लोग विभिन्न योजनाओं में एनरोलमेंट कराकर लाभ उठायें।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –30 वर्ष 2022–2023**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक: 22.02.2023 को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक: 23.02.2023 को अपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक:23.02.2023 को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Road From pucca road to guest house of DDDO Campus at khunti, Dist khunti for the year 2022-23. | 5,02,100.00 | 1,250.00 | 10,100.00 | 15 दिन |
| 2 | Construction of Handicap Toilet Behind record room at civil court campus khunti dist khunti for the year 2022-23. | 9,15,600.00 | 1,250.00 | 18,400.00 | 01 माह |

नोट:-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा।

निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 290522 Building(22-23)#D

# जिंदगी अनमोल है इसे बचायें, सड़क दुर्घटनाओं में जान न गंवायें : विधायक

## लापुंग प्रखंड में सामुदायिक पुलिसिंग योजना के तहत जागरूकता रैली निकाली गयी






आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** जिंदगी अनमोल है इसे बचाएं सड़क दुर्घटना लापरवाही का परिचायक है। हेलमेट पहनकर बाईक और सीट बेल्ट लगाकर ही कार चलाएं। हेलमेट नहीं रहने से सड़क दुर्घटनाओं में युवा पीढ़ी हादसे का शिकार होते हैं। इसका खामियाजा परिवार वालों को भुगतना पड़ता है । उक्त बातें सडक सुरक्षा जागरूकता रैली सह हॉकी प्रतियोगिता के उद्धाटन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कही। लापुंग इंटर कॉलेज मैदान में हॉकी प्रतियोगिता का उद्धघाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, डीएसपी रजत मणि बाखला व अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व लापुंग बिरसा चौक से सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली के दौरान भारी संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं एवं पार्टी कार्यकताओं सहित विशिष्ट लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। एसएसपी कप हॉकी प्रतियोगिता उद्धघाटन मैच के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई।

हॉकी प्रतियोगिता का उद्धाटन मैच हुलसू पंचायत के गोपालपुर बनाम सापुकेरा पंचायत के गटेया टोली के बीच खेला गया। गोपालपुर की टीम ने गटेयाटोली को 1-0 से पराजित कर उद्धाटन मैच जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी रजत मणि बाखला ने कहा कि हेलमेट पहनकर और सीट बेल्ट लगाकर ही गाड़ी चलाए।

मौके पर बेड़ो डीएसपी रजत मणि बाखला, अंचलाधिकारी अविनाश पूर्णेन्दु, थाना प्रभारी सुकुमार हेम्ब्रम, लापुंग इंटर कालेज की प्राचार्य डॉ बिरसो कुमारी उरांव, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला, मुखिया मेरी होरो, समाजसेवी और विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, संतोष तिर्की, जन्मेंजय पाठक, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश कुमार राम, राजेश बरला सहित शिक्षाविद व साहित्यकार शरण उरांव, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी कमल होरो, राष्ट्रीय हॉकी शिवचरण बरला, पूर्व प्रमुख सुशीला बारला, पवन हजाम, सत्यनारायण पाठक, सुरेश साहु,फिरेन्द्र साहू,दुर्गा पाईक, चरकु भगत, संतोष कुमार दास, महावीर साहु कालेज के प्रो भुनेश्वर यादव, प्रो महेश तिर्की, सहित कई दर्जनों मौके पर मौजूद थे।

## कोल वाहन की चपेट में आने से मवेशी घायल

### ग्रामीणों ने किया कोयला ढुलाई बंद



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो चौक के समीप गुरुवार की दोपहर कोल वाहन की चपेट में आने से एक मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गया। पशु मालिक टिकेश्वर महतो ने बताया कि घनी आबादी वाले क्षेत्र से काफी तेज रफ्तार से कोल वाहनों का परिचालन होता है, जिससे आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त मार्ग पर कोयला ढुलाई का काम बंद करा दिया, जिसके कारण आम्रपाली से खलारी मोनेट कंपनी तक होने वाली कोयला ढुलाई का काम बंद हो गया। इधर घटना की सूचना पाकर स्थानीय पिपरवार पुलिस और कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ वार्ता किया,जिसमे घायल पशु के इलाज में सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण शांत हुए और तीन घंटे के बाद कोयला ढुलाई का काम चालू हो सका। कोयला ढुलाई बंद होने के कारण उक्त मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार देखी गई।

## दुकान पर चोरों ने किया हाथ साफ

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र के सलगाडीह मे सुनील सवासी के मोबाइल दुकान मे चोरों ने हाथ सफाई किया और लैपटाप कैमरा मोबाइल ग्लास मोबाइल कवर वगैरह चुराकर चलते बने चोरो ने सटर तोड़कर दुकान मे घुसे और दुकान के कीमती सामान को ले गये सुनील सवासी अड़की थाना क्षेत्र के चैनपुर गाँव का रहने वाला है लगभग दो लाख का सामान चोरी हुआ है इस संबंध में तमाड़ थाना मे लिखित शिकायत किया गया है पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## टैक्टर पलटने से चालक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा पथ पर बडवा मोड़ पर एक ट्रेक्टर के पलटने से चालक अजय पुरान की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी वह बडवा गाव का रहने वाला था ट्रेक्टर मे अवैध बालू लोड कर आ रहा था कि पलट गया और उसमें दबकर चालक की मौत हो गयी लाश को बरामद कर आज पोस्टमार्टम के लिए रिमस भेजा है घटना कल शाम की है।

## बेड़ो के महादानी मैदान में पहान सम्मान सह प्रार्थना सभा 23 फरवरी को

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मैदान में 23 फरवरी को सरना समिति बेड़ो के तत्वावधान में सरना स्थल में 20वां वार्षिक पहान सम्मान समारोह सह सरना प्रार्थना सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में सामाजिक, पारंपरिक सांस्कृतिक रीति रिवाज को अक्षुण्ण बनाये रखने पर परिचर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अनिल उरांव, एतवा उरांव, बन्नू भगत, जल्ही उरांव, सुकरा भगत, मंगरी उरांव, मुन्नी उरांव, पुनिता उरांव, बसंती उरांव, चारो उरांव, सुकेन्द्र उरांव, अशोक उरांव, सोमरी उरांव, बुधवा उरांव, सोनी उरांव समेत कई लोग लगे हुए हैं।

## बचरा में चल रहे भारतीय शिल्प व्यापार मेला में उमड़ रही है भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में उरांव विकास समिति द्वारा लगाये गये भारतीय शिल्प व्यापार मेला में लोगों की भीड़ उमड़ रही है।कोयलांचल सहित आसपास के इलाकों से काफी संख्या में लोग सपरिवार मेला पहुंचकर खरीदारी कर रहे हैं। मेला में बच्चे जमकर मस्ती भी करते देखे जा रहे है। मिकी माउस और जंपिंग झूला में बच्चे मस्ती कर रहे हैं। वही मेला में लगाए गए सभी स्टॉल में लोग पहुंचकर खरीदारी कर रहे हैं।आयोजन समिति के संजीव तिवारी ने बताया कि देश के 22 राज्यों के 75 कुशल शिल्पकारो के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए हैं।हस्तशिल्प सामग्री की खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है।दूर दराज के भी लोग यहां आकर शांतिपूर्ण माहौल में मेला का आनंद उठा रहे हैं। वही मेला में सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया है। मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। स्थानीय पुलिस के द्वारा भी सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। मेला समिति ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मेला का आनंद उठाने की अपील की है।

## पीएम ने आदि महोत्सव का उद्घाटन किया

### आदिवासी समाज का हित, व्यक्तिगत रिश्तों और भावनाओं का विषय : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को आदि महोत्सव का उद्घाटन किया और कहा कि जनजातीय समाज का हित उनके लिए व्यक्तिगत रिश्तों और भावनाओं का विषय है। राजधानी दिल्ली स्थित मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 16 से 27 फरवरी तक आयोजित आदि महोत्सव को प्रधानमंत्री ने विविधता में एकता के भारतीय सामर्थ्य को एक नयी ऊंचाई देने



वाला बताया और कहा कि ये विकास और विरासत के विचार को और अधिक जीवंत बना रहा है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव विकास और विरासत के विचार को और अधिक जीवंत बना रहा है. जो पहले खुद को दूर-सुदूर समझता था अब सरकार उसके द्वार जा रही है, उसको मुख्यधारा में ला रही है। आदिवासी समाज का हित मेरे लिए व्यक्तिगत रिश्तों और भावनाओं का विषय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार वंचितों को वरीयता दे रही है और यही वजह है कि देश विकास के नए आयाम छू रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को लेकर आज देश जिस गौरव के साथ आगे बढ़ रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ है। आज भारत दुनिया के बड़े-बड़े मंचों पर जाता है तो आदिवासी परंपरा को अपनी विरासत और गौरव के रूप में प्रस्तुत करता है। आगे कहा कि इस बार बजट में पारंपरिक कारीगरों के लिए पीएम-विश्वकर्मा योजना शुरू करने की घोषणा भी की गयी है।

## नीरजा सहाय डीएवी, पिठोरिया में 'ग्रैंड पेरेंट्स डे' पर बुजुर्गों को किया गया सम्मानित



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** नीरजा सहाय डीएवी में आज 'ग्रैंड पेरेंट्स डे' की धूम रही। समाज के बुजुर्गों को सम्मानित करने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। बरियातू स्थित वृद्ध आश्रम से आये विभूतियों ने अपने सम्मान में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया तथा बच्चों एवं डीएवी परिवार को कोटिशः धन्यवाद दिया। अतिथियों में डीएवी हेहल के प्राचार्य एमके सिन्हा, गोशाला न्यास के अध्यक्ष एसएल गुप्ता, सुशीला गुप्ता तथा अन्य शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपास्थित थे।

## मैकलुस्कीगंज में शादी समारोह में आये व्यक्ति की बाइक चोरी

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज में एक शादी समारोह में आये एक व्यक्ति की बाइक पैशन प्रो चोरी हो गई है।घटना बुधवार की रात की है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार निंद्रा निवासी गोकुल गोप बुधवार की शाम में मैकलुस्कीगंज कोनका में कैलाश यादव के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए आये थे।वे आवास से बाहर निकले तो देखा कि उनकी बाइक पैशन प्रो गायब थी।काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चल पाया।गोकुल गोप ने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट मैकलुस्कीगंज थाना में दर्ज करा दिया है।इससे पूर्व भी मैकलुस्कीगंज क्षेत्र से कई बाइक चोरी हो चुकी है जिसका अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने रोहिणी पीओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा के द्वारा रोहिणी पीओ को 28 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया।मांग पत्र में नवाडीह, हेसालोंग गांव में सामुदायिक भवन मरम्मती, हाई मास्ट लाइट,नवाडीह देवी मंडप के पास हाई मास्ट लाइट, डीप बोरिंग निर्माण,राजक्रियकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह बालक बालिका शौचालय के साथ पानी की सुविधा के साथ बोरिंग एवं मोटर टंकी, कक्ष भवन,बच्चों के लिए खेल सामग्री,गांव में सामुदायिक भवन मरम्मत,चापानल बोरिंग एव मरम्मत एवं सिंटेक्स का निर्माण, डीप बोरिंग, अगरवा बस्ती में बिजली पोल तार लगाने की मांग की है।मोर्चा की ओर से एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने प्रबंधन



से गांव में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।शिवनारायण लोहरा ने कहा कि रोहिणी प्रबंधन अपने कमांड क्षेत्र के आसपास के गांव में सीएसआर के तहत विकास कार्य कराया जाय ताकि परियोजना के विस्तार में ग्रामीण भी सहयोग कर सके।इसके लिए प्रबंधन को भी गांव के विकास के लिए सकारात्मक पहल करने की जरूरत है।वही रोहिणी पीओ दिलीप कुमार सिंह ने सभी मांगो पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है।इस मौके पर मोर्चा की ओर से एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, रामलखन गंझू,अमृत भोगता, शिवनारायण लोहरा, जालिम सिंह, प्रेम गुप्ता, दिनेश गुप्ता, गणेश मुंडा, बासुदेव ठाकुर, अनिल गुप्ता, मिथुन गंझू, रामधारी गंझू, राधेश्याम प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, प्रभाकर गंझू,दामोदर गंझू ,भरत महतो आदि मौजूद थे।

## कोकर सरनाटोली में महाशिवरात्रि महोत्सव आज से

**रांची (आजाद सिपाही)।** कोकर सरनाटोली गली नंबर 5 में सार्वजनिक शिव मंदिर द्वारा 17 से 19 फरवरी तक महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन कलश यात्रा और महाआरती का आयोजन किया जायेगा और दूसरे दिन शिव बारात एवं शुभ विवाह का आयोजन हो रहा है। समापन 19 फरवरी को महाभंडारा के साथ होगा। आयोजन हरी जैसवाल, धर्मेंद्र चौधरी, सुनील कुमार, विजय कुमार ठाकुर और अन्य के नेतृत्व में किया जा रहा है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रंजीत शर्मा ने दी है।

## जैलेंद्र कुमार ने श्राद्ध कर्म के लिए खाद्य सामग्री एवं नगद राशि दी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखंड के बीसा गांव निवासी संजय लोहरा की पत्नी सीमा देवी (34) का देहांत विगत दिनों गंभीर बीमारी से हो गया थी। मृतक का परिवार बेहद गरीब है। सूचना पाकर गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जैलेंद्र कुमार मृतक के घर पहुंचे एवं परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने मौके पे मृतक के श्राद्ध कर्म के लिए मृतक के परिवार को खाद्य सामग्री एवं नगद सहयोग किया। मौके पर वार्ड सदस्य बिनोद पाहन, सुखनाथ महली,लालदेव लोहरा, मसोमात सुमनी देवी मौजूद थे।

## शिवरात्रि में बनारस की तर्ज पर होगी चुटिया के ऐतिहासिक महादेव मंडा में भोलेनाथ की महाआरती

**श्री राम मंदिर शिव बारात समिति एवं महादेव मंडा स्वागत समिति द्वारा किया जा रहा है महाआरती का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वागत समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो ने बताया कि इस वर्ष पहली बार महादेव मंडा के प्रांगण में महाआरती का आयोजन हो रहा है और बड़े धूमधाम से मनाने के तैयारी की जा चुकी है यहां पर बनारस से आए हुए टीम महाआरती करेगी और इस वर्ष चुटिया के मुख्य मार्ग पर दो बड़े झांकी निकल रही है एक आरपीएफ शिव मंदिर



चुटिया से श्री मुनचुन राय जी के नेतृत्व में ऐतिहासिक महादेव मंडा के प्रांगण में पहुंचेगी और शिव मंदिर में विवाह संपन्न होगा दूसरा ओम सुरेश्वर महादेव मंदिर, स्वर्णरेखा धाम से श्री सुरेश साहू जी के नेतृत्व में प्राचीन से राम मंदिर पहुंचेगी और मंदिर में विवाह संपन्न होगी। महादेव मंडा मंदिर पर शिव मंडा पूजा समिति व नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति स्वागत शिविर में बाबा भोलेनाथ के बारातियो का स्वागत करेगी। इस आयोजन में इनकी रहेगी भागीदारी प्रमोद गोप, रवि गोप, कौशल चौधरी, तपन कुमार महतो, मिथिलेश गोप, गौतम महतो, रंजीत राम, मनोज गोप, राजेंद्र केसरी, चुन्नू गोप, गुल्लू यादव, आयुष कुमार, शिवम, अमन आदि शामिल हैं।

### अध्यात्म दर्शन मेला में भारत के द्वादश ज्योर्तिलिंग की प्रतिकृति बनायी गयी

## भारतीय जीवन दर्शन श्रेष्ठ : जैलेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** ईश्वरीय ब्रहमकुमारी के द्वारा इइएफ मैदान टाटीसिलवे में गुरूवार से छह दिवसीय अध्यात्म दर्शन मेला का शुभारंभ किया गया। शिव महारात्रि के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि संस्थापक जशपुरिया बीएड कॉलेज गेतलसूद जैलेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन व आरती सिंह ने की।



जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि धर्म और अध्यात्म देश को आपस में जोड़ती है। हम विभिन्न संस्कृति, भाषा के लोग धर्म के कारण ही आपस में जुड़े है। भारतीय जीवन दर्शन से ही विश्व का कल्याण संभव है। भारतीय जीवन दर्शन श्रेष्ठ है। अध्यात्म मेला में भारत के द्वादश ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति बनाई गई थी। आसपास से काफी संख्या में श्रद्धालु इसे देखने आ रहे थे। 21 फरवरी को इसका समापन किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह व शाम में आरती की जा रही है। इस मौके पर काव्या व सौम्या ने शानदार शिव वंदना पर नृत्य की प्रस्तुती दी। संचालन बहन लक्ष्मी ने किया। इस अवसर पर मोतीलाल महतो, सुरेन्द्र कुमार महतो, सुरेन्द्र ठाकुर, राजेश मिश्रा, हरिहर बड़ाईक, रंजीत, राजकुमार, मंजूलता दूबे, वनिता झा, बबिता शर्मा, मंजूलता दूबे, प्रमोद सिंह, संतोष कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

# खिजरी विधायक ने नाली निर्माण का किया शिलान्यास



**विधायक ने उपस्थित लोगों को सही ढंग से काम करने में सहयोग करने की अपील की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** जिला अनाबद्ध निधि मद से गुरुवार को नामकुम अमेठिया नगर में बाबी चौक से शिव मंदिर तक नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इस दौरान विधायक ने उपस्थित लोगों को सही ढंग से काम करने में सहयोग करने की अपील की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, बनो और बनाओ मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष रामाधार सिह, सचिव अखिलेश यादव, उपमुखिया सुजीत सिन्हा, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, मुरलीधर, सीताराम प्रसाद, अरुण गोप, सुमित सिंह, जातु टोप्पो, प्रदीप मेहता, सोनल कच्छप के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

## चौथे दिन भी यज्ञ में दी गयी आहूतियां



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के तत्वाधान में चल रहें दसवें महारुद्र यज्ञ, शिवरात्रि महोत्सव एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर वार्षिकोत्सव के चौथे दिन बेदी पूजन एवं यज्ञ में आहुतियां दी गयी। मुख्य आचार्य अमित पांडेय जी के नेतृत्व में सभी पूजन कार्य किये जा रहे है। शुक्रवार को यज्ञ में पूणार्हुति होगी। 18 फरवरी को शिवरात्रि महोत्सव एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर वार्षिकोत्सव एवं भंडारा आयोजित किया जायेगा। गौरतलब है कि शिवरात्रि के दिन लगभग 20 हजार श्रद्धालु पूजा करने पहुंचते है। सफल आयोजन में दयानंद राय, भीम राय, अशोक राय, रुद्रेश्वर राय, संतोष टोप्पो, सूरत राय, मोहन शर्मा, दिनेश कुमार सिंह, मधु राय, राजू राय, विजय राय, मनोज राय, कैलाश महतो, रविन्द्र खंडित, बंटी सिंह आदि सहयोग कर रहे है।

## रातू में अज्ञात अपराधियों ने घर के बाहर खड़ी कार में लगायी आग, गाड़ी जल कर हुई राख

**रातू (आजाद सिपाही)।** रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी में अज्ञात अपराधी एक कार को आग के हवाले कर फरार हो गये। आग लगता देख घरवालों ने पानी डालकर आग को बुझाने को कोशिश की, परंतु तबतक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। घटना बुधवार की रात लगभग 11 बजे की बतायी जा रही है। मामले को लेकर भुक्तभोगी अशोक उरांव ने बताया कि वह रात को अपने घर के बाहर अपनी लाल रंग की आल्टो 800 कार नं. जेएच01एएक्स- 9315 को खड़ा कर घर में सो गया। रात 11 बजे जलने की गंध मिलने पर वह घर से बाहर निकला तो अपने कार को जलते हुए पाया। अज्ञात अपराधियों ने पेट्रोल डालकर कार में आग लगा दी थी। मामले को लेकर भुक्तभोगी अशोक ने रातू थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


## रेलवे ट्रैक से अज्ञात युवक का शव बरामद

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुंडागढ़ा के समीप रेलवे ट्रैक से गुरुवार सुबह नामकुम पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पहचान करने की कोशिश की, पर पहचान नहीं हो पाया। मृतक युवक का शव डाउन लाइन के पोल नंबर 415 के पास बरामद किया गया। पुलिस ने बताया मृतक की उम्र करीब (45) है। वह काला रंग का ट्रैक सूट पहने हुये है। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रामपुर ब्यांगडीह पैट्रोल पंप के पास बुधवार देर रात सड़क दुघर्टना में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान पांचा बड़टोली दशमफॉल निवासी राम उरांव के पुत्र प्रदीप उरांव (19) के रूप में की गई है। मामले में मृतक के भाई दिनेश उरांव ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिनेश के अनुसार प्रदीप बुधवार की रात 1 बजे पांचा से नामकुम के रामपुर अपने मामा के घर जाने के लिये निकला था। जिसके बाद सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गयी। गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## जामटोली और करकरी पंचायत की टीम पहुंची सेमीफाइनल में



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मैदान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत रांची पुलिस के तत्वावधान में चल रहे प्रखंड स्तरीय एसएसपी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को तीन मैच खेले गए। पहला मैच ईंटा व करकरी पंचयात के बीच हुआ। इस मैच में करकरी ने 1-0 से मैच जीत लिया। दूसरा मैच चचकोपी व खुखरा पंचायत के बीच खेला गया। इसमें चचकोपी 2-1 से मैच जीता। तीसरा मैच चचकोपी व करकरी पंचायत के बीच हुआ। जिसमें करकरी दो गोल से मैच जीतकर सेमी फाइनल में पहुंच गई। वहीं जामटोली पंचायत की टीम भी सेमी फाइनल में पहुंची है। इधर मैच देखने वालों की भीड़ जुटी रही। मैदान के चारों ओर से दर्जनों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में अनमोल टोप्पो प्रकाश उरांव, अनिल एक्का, सुबोध कच्छप, शिवा मुंडा, विशाल तिर्की, फूलदेव कच्छप, रोहित उरांव, हिमांशु एक्का व छोटू टोप्पो लगे हैं।

**कार्यक्रम : दो दिवसीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन**

# सरकार किसानों के हित में हर लाभकारी कदम उठाने को तैयार है : बादल पत्रलेख

**लाख की खेती में उल्लेखनीय योगदान के लिये किसान को किया गया सम्मानित**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय द्वितीयक कृषि संस्थान में गुरुवार को दो दिवसीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी 2023 का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री झारखंड सरकार बादल पत्रलेख एवं विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ओंकारनाथ सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने समारोह का उद्घाटन संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया। इसके बाद लगी प्रदर्शनी एवं संस्थान का भ्रमण किया। मेला में उपस्थित किसानों, अतिथियों, वैज्ञानिकों एवं संस्थान के अधिकारियों/कर्मचारियों को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि बादल पत्रलेख ने कहा कि इस समय सरकार किसानों के हित के लिये हर उस कदम को उठाने में जरा भी देरी नहीं कर रही है जो उनके लिये लाभकारी है। आज हमारे किसान नयी तकनीकों और प्रौद्योगिकीयों को सीखने के लिये दूसरे प्रदेश एवं देशों की यात्रा करते हैं। अगर हम सचमुच में अपने ज्ञान और विज्ञान को समायोजित कर प्रयास करें तो वो दिन दूर नहीं कि दूसरे प्रदेशों एवं देश के किसान हम तक पहुंचेंगे। वर्तमान प्ररिदृष्य में आवश्यकता है कि हम कृषि की विभिन्न गतिविधियों को मेले जैसे आयोजनों में आकर सीखें ताकि जिन उद्देश्यों से इस प्रकार के आयोजनों को किया जा रहा है। उसकी सार्थकता सिद्ध हो सके।

विशिष्ट अतिथि राजेश कच्छप ने कहा कि हमें इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि वर्तमान समय में कृषि में हो रहे विभिन्न शोधों, कार्यक्रमों, योजनाओं एवं अन्य गतिविधियों का ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले आम नागरिकों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार करने में क्या योगदान है। ताकि हमारे द्वारा किये जा रहे कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित हो।

डॉ ओंकारनाथ सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से किसानों एवं अन्य सहभागियों को अपने कार्यों का मूल्यांकन एवं आत्ममंत्थन करने का एक अच्छा अवसर प्राप्त होता है। हमें अपने ज्ञानों को साझा करने एवं समन्वय स्थापित कर कार्य करने में इस प्रकार के किसान मेला एक अच्छा अवसर उपलब्ध कराते हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ निर्मल कुमार, धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष ने एवं संचालन मो तारिक जमां ने किया।

इस मौके पर लाख की खेती में उल्लेखनीय योगदान के लिये किसान डम्बर बहादुर विश्वकर्मा, सुधाकर श्यामराव खंडालकर एवं सुश्री अलमा कुल्लू को सम्मानित किया गया। साथ ही लाख प्रोत्साहन एग्जीक्युटिव अवार्ड अर्चना गोथी, आकाश बड़ाईक और तामसिंग रहंगदाले को दिया गया। लाह प्रोत्साहन संस्थागत पुरस्कार लाह हस्तशिल्प स्वावलंबन सहकारी समिति, आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लुजिव ग्रोथ एवं त्रिनेत्र पादुम कृषि को दिया गया। मेले में लगभग 60 स्टॉल प्रदर्शित किये गये थे।

इस मेले में झारखण्ड के अतिरिक्त प. बंगाल, छत्तीसगढ से आये लगभग एक हजार किसानों नें भाग लिया।

# बेड़ो में नहीं थम रहा हाथियों का उत्पात, गेहूं व सब्जी की फसलों को रौंदने से किसान परेशान

**बोदा और भसनंदा में जंगली हाथियों ने छह किसानों की फसलों रौंद कर किया बर्बाद**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड क्षेत्र के गांवों में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां जंगली हाथी गेहूं व सब्जी की फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर रहे हैं। वहीं घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अनाज खा जा रहे हैं। पिछले दो सप्ताह से चार हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। जिसके चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीण रतजगा करने को विवश हैं। वहीं सांसद व विधायक कुम्भकर्णी निद्रा में सोये हुए हैं और जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। बुधवार की रात भी बोदा व भसनंदा गांव में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। जिसमें बोदा गांव के कौशल्या भगताइन पति स्व. रतिया भगत, बंधना भगत, रमेश्वर गोप और चरकु मुंडा के गेंहू की फसल, छेदन मुंडा की आलू की फसल को वहीं भसनंदा गांव में भदवा मुंडा की आलू व सरसों को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया।

इधर घटना की सूचना पाने के बाद जिप सदस्य पूर्वी पार्वती कुमारी के प्रतिनिधि सह भाजपा नेता जगरनाथ भगत ने किसानों के नुकसान का जायजा लिया और वन विभाग को जानकारी दी। साथ ही किसानों को वन विभाग से क्षति के एवज में मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर समाज सेवी लीला मुंडा, सुशील कच्छप, बिरसा भगत, सुखविंद्र भगत, जलेश्वर उरांव, नीलू बड़ाइक, चरकु मुंडा, कार्तिक भगत, आकाश भगत सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## अवैध लोडेड देसी कट्टा के साथ नौवीं का छात्र गिरफ्तार

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरूगुट्ठ से पुलिस ने अवैध लोडेड देसी कट्टा के साथ एक छात्र को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार हेसलपीरी गांव निवासी तस्लीम अंसारी का पुत्र इमरोज अंसारी 17 वर्ष स्कूल में वर्ग 9 का छात्र है। गुरुवार को इमरोज अंसारी अपने साथ अवैध लोडेड पिस्तौल लेकर स्कूल आया था। स्कूल में आरोपी छात्र दूसरे बच्चों को डरा रहा था। छात्रों द्वारा मामले की सूचना शिक्षकों को दी गई। शिक्षकों की सूचना पर पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी को कल न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा।

**बैठक : मासू गांव की चैपाल में ग्रामसभा की बैठक**

# बगैर ग्रामसभा की अनुमति के जमीन खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने का निर्णय

**ग्रामसभा की अनुमति के वगैर जमीन खरीद-बिक्री को अवैध माना जायेगा : देवराज पहान**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** प्रखण्ड के हेसल पंचायत अंतर्गत मासु मौजा के चैपाल में मंगलवार को ग्रामसभा की बैठक ग्रामप्रधान देवराज पहान की अध्यक्षता मे हुई। बैठक में सैकड़ो ग्रामीणों के साथ मुखिया कविता देवी व पंसस मदरा मुण्डा विशेष रूप से उपस्थित हुए। सभा मे सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर मासु मौजा अंतर्गत किसी भी तरह की भुमि के खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। यह भी फैसला लिया गया कि मासु मौजा के आरएस खाता 44 के प्लॉट संख्या 930, रकबा 49 डिसमील जमीन को बगैर ग्रामसभा की अनुमति के खरीद-बिक्री अवैध माना जायेगा। विदित हो कि उक्त खाता, प्लॉट के खतियानी रैयत स्व. गुरुदयाल महतो के वंशजों कारीनाथ महतो, बैजनाथ महतो व रामनाथ महतो, तीनों के पिता जगेश्वर महतो के विरूद्ध टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के मिश्रा टोली निवासी एक भू-माफिया ने जमीन हड़पने की नियत से अनगड़ा थाना में एक झूठा मुकदमा दायर किया है। ग्रामसभा ने इस आरोप को पूरी तरह निराधार, झूठा और मनगढ़ंत बताते हुए प्रस्ताव पारित कर पुलिस प्रशासन से मामले की उच्चस्तरीय जांच कर केस को खारिज करते हुये रैयतों को न्याय दिलाने की मांग की। ग्रामसभा को अवगत कराया गया कि उक्त भु माफिया द्वारा मूल खतियान में छेड़छाड़ कर दूसरे अंचल क्षेत्र में स्थित यहां के ही खतियानी रैयतों के भूखण्ड को भी अवैध ढंग से बेच दिया गया है। मौके पर ग्रामप्रधान देवराज पहान ने कहा कि ग्रामसभा की अनुमति और सत्यापन के बगैर मासू मौजा में किसी भी तरह के जमीन की खरीद-बिक्री को अवैध घोषित माना जायेगा। उन्होंने चेतावनी दिया कि ग्रामसभा का उल्लंघन करने की कोशिश करने वालों के विरूद्ध ग्रामसभा कठोर कारवाई का निर्णय लेगी। जरूरत पड़ी तो ग्रामसभा अपने प्रदत अधिकारों का उपयोग करते हुए ऐसे तत्वों का बहिष्कार करने का भी फैसला ले सकती है। बैठक में जगरनाथ महतो, पूर्व पंसस अर्पणा सोलंकी, तेजनाथ महतो, राशो देवी, सरिता देवी, अनिता देवी, सारिका देवी, महानंद, सोनिया देवी, सुमित्रा देवी, रानी देवी, उषा देवी, प्रियंका देवी, शीला देवी, मुलू महतो, मनोज महतो, अनिल महतो, लालजी महतो, रामचरण महतो, बालेश्वर महतो, लीला देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बाघवार अकादमी चान्हो में 10वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो स्थित बाघवार अकादमी में कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए नौवीं कक्षा के छात्रों के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में नौवीं के छात्रों द्वारा प्रवेश द्वार पर 10वीं के विद्यार्थियों को पुष्प देकर स्वागत एवं बैच लगाकर अभिनंदन किया गया। स्वागत भाषण में विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा चार के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया 'फनी स्कूल' ड्रामा रहा। इस ड्रामा को विद्यालय के गेम टीचर अनुज उरांव के द्वारा तैयार किया गया था तथा इसका अंग्रेजी रूपांतरण विद्यालय की शिक्षिका संगीता एक्का के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय उरांव एवं शिक्षक हरे कृष्णा सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य एवं जीवन में सफल होने की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक हरे कृष्णा सिंह, वरुण सर, मसी प्रकाश, अनुज उरांव एवं शिक्षिकाओं में रानी कुमारी, पिंकी कुमारी, अमला मैम, जोहोलेन सोये, फरहत जहां, सुमन कुमारी, जूली विश्वकर्मा, प्रिया कुमारी, जीविका टॉपर, मीनाक्षी कुमारी, किरण कुमारी सहित अन्य कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा।

## बुढ़मू में पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन भक्ति जागरण का आयोजन



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के भांटबोड़ेया गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ अहले सुबह से ही उमड़ रही है। यज्ञ के दूसरे दिन समिति द्वारा आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन हजारीबाग के पूर्व सांसद सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प्रो. यदुनाथ पांडेय, झामुमो के वरीय नेता निरंजन कालिंदी, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, समाजसेवी जगरनाथ मिश्रा, रविकांत तिवारी, रामकुमार दुबे ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रो. यदुनाथ पांडेय ने कहा कि यज्ञ होने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमसबों को धर्म के रास्ते पर चलने की जरूरत समय की मांग है। कार्यक्रम में सुजीत, रीना मोहिनी, पूजा, खुशबू के भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। मौके पर दिनेश कुमार, लाल अमन शाहदेव, देवकान्त गिरी, फलिन्द्र मुंडा, विजय पांडेय, सुभाष पूरी समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

## इटकी में शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा लक्ष्मी गजेंद्र मध्य विद्यालय प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय फाउंडेशन इन लिटरेसी न्यूमैरेसी शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। शिविर में वर्ग एक से तीन तक के लिए शिक्षा देने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे कि बच्चों में चहुंमुखी व बहुमुखी विकास हो सके, जिससे कि सर्वांगीण विकास भी कहा जाए। इसमें प्रखंड के कुल 36 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्य में प्रखंड के ही शिक्षक अजरा प्रवीण जाहिद, प्रशांत कुमार दत्ता, शीला सिंह व पुष्पा लकड़ा के अलावा अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के गुरु प्रसाद व अविनाश कुमार शामिल थे।

## उद्यान मित्र ने हेसातू एवं हरातू पंचायत में हाईब्रीड बीज का किया वितरण



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** उद्यान विभाग के उद्यान विकास योजना अन्तर्गत अनगड़ा प्रखंड के उद्यान मित्र द्वारा हेसातू एवं हरातू पंचायत के 54 किसानों के बीच करैला, टमाटर, बैगन, खीरा, नेनुवा, लौकी एवं भिंडी की हाईब्रीड बीज का वितरण किया। सभी किसानों को 50-50 डिसमिल क्षेत्र के लिए बीज दिया गया है। बीज का वितरण हरातू में मुखिया राजेंद्र बेदिया एवं पंसस बिनोद रजवार ने किया एवं हेसातू पंचायत में हेसातू मुखिया अनीता बरला एवं उपमुखिया चरण बेदिया ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर ग्राम प्रधान मनोज बेदिया, वार्ड सदस्य सुमन देवी, हेसातू पंचायत उपमुखिया चरण बेदिया, वार्ड सदस्य रेशमी देवी, ग्राम प्रधान कामेशवर बेदिया, कमलेश पाहन, नरेश बेदिया, दुतीलाल बेदिया, रुपेश बेदिया, चरण बेदिया एवं ग्रामीण किसान मौजूद थे।

## सेंद्रा रेलवे पुल से बीम 50 फीट नीचे सड़क पर गिरा, कोई हताहत नहीं



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** सेंद्रा रेलवे पुल का एक बड़ा एल बीम जोरदार आवाज के साथ 50 फीट नीचे सड़क पर गिर गया। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और रेलवे लाइन को भी कोई क्षति नहीं पहुंचा। ट्रेनों और मालगाड़ियों का आवागमन जारी रहा। घटना बुधवार देर रात की बताई जा रही। यदि यह बीम दिन में गिरा होता तो एक बड़ी घटना घट सकती थी। स्लैब के सड़क पर गिरने के कारण एक तरफ का रास्ता बंद हो गया। एक ही रास्ते से गाड़ियों का आवागमन होने से लोग घंटों जाम में फंसे रहे। रेलवे पुलिस एक तरफ की गाडियों को रोक रोक कर गाड़ियां को पास कराया। यह बड़ा स्लैब कैसे गिरा यह रहस्य बना हुआ है। रेलवे अधिकारीयों का है कि बड़ा वाहन से टकरा जाने के कारण यह गिरा जबकि पुल से पहले बड़े वाहन पुल के अंदर नहीं फंसे इसलिए लोहे का गाटर ब्रेकर लगा हुआ है। करीब सात आठ घंटे के बाद कड़ी मेहनत के बाद उक्त स्लैब को बीसीसीएल के सहयोग से उक्त स्थान पर रखा गया जहां से वह गिरा था। इसके बाद रेलवे अधिकारीयों ने राहत की सांस ली। घटना की खबर पाकर डीईएन बिनोद कुमार,कतरास अभियंता विभाग के वरीय अभियंता कार्य राजेश कुमार मनोज कुमार झा व प्रभात कुमार रेल कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की निगरानी में बीम उठाने का काम किया गया। इस दौरान उधर से गुजर रहा क्रेन लोड टेलर को रेल अधिकारियों ने रोक लिया। अधिकारीयों का मानना था इसी तरह के वाहन के धक्के से यह स्लैब गिरा है। कहीं यह वाहन वही तो नहीं है। समाचार लिखे जाने तक यह टेलर वहीं पर खड़ा है।वही लोगों ने बताया कि दो साल पूर्व भी यह बीम गिर गया था।उस समय भी काफी परेशानीयो का सामना राहगीरो को करना पड़ा था। बीम को पुल के उपर उठा कर रखने के दौरान गाड़ियों का आवागमन को रोक दिया गया। इस दौरान दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। इस जाम में कई स्कूलों के छात्र छात्राएं फंस गए। जाम हटता नहीं देख बच्चे पैदल ही अपने घर की ओर चल पड़े। राहगीरों को भी दिक्कत उठानी पड़ी।

## आजसू पार्टी के संस्थापक सदस्य मानिक दा का निधन



**चास (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता मानिक महतो का गुरूवार को निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रहे थे।उनका अंतिम संस्कार पास के गवाई नदी पुण्डरू घाट पर किया गया। शव यात्रा में आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, केंद्रीय सचिव दुर्गाचरण महतो, केंद्रीय नेता जयपाल सिंह, शत्रुघ्न महतो, विश्वनाथ महतो, भोलानाथ गोप, हासिम आंसरी, सपन महतो, सुशेन रजवार सहित सैकड़ों लोग शामिल होकर श्मशान घाट तक गए। यहां पूरे वैदिक रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के बड़े पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान उनकी आत्मा की शान्ति के लिए उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शान्ति के लिए इश्वर से प्रार्थना की है। रजक ने कहा कि मानिक दा हमारे लिए अभिभावक थे। उनका इस तरह जाना क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है उसकी भरपाई नही की जा सकती है।

## दो दिवसीय निर्यात संवर्द्धन एवं जेम पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी (नेशनल सेमिनार) का समापन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार, एमएसएमइ मंत्रालय, एमएसएमइ-विकास कार्यालय, रांची द्वारा आकांक्षी जिला बोकारो में खरीद एवं विपणन सहायता योजना के तहत दो दिवसीय निर्यात संवर्द्धन एवं जेम पर राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी (नेशनल सेमिनार) का आयोजन दिनांक 15 एवं 16 फरवरी को बीएसएल के एचआरडी सेंटर के मेन ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के एमएसएमइ मंत्रालय द्वारा एमएसएमइ इकाइयों को निर्यात संवर्द्धन, जेम, नये बाजार सृजन, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नवीनतम चलन, निर्यात की प्रक्रिया, निर्यात संबंधित दस्तावेजीकरण इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है। संगोष्ठी के दूसरे दिन 16 फरवरी को प्रथम सत्र में श्री अजीत लालवानी, क्षेत्रीय प्रमुख, युनियन बैंक, धनबाद ने एमएसएमइ उद्यमियों के लिए निर्यात संवर्द्धन के लिए उपलब्ध ऋण एवं वित्तीय सुविधाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। बीएसएल के महाप्रबंधक (आइ एंड पी, आर एंड वीआर) कौशिक भट्टाचार्य ने बीएसएल में वेंडर पंजीकरण की प्रक्रिया से सभी एमएसएमइ उद्यमियों को अवगत कराया। उन्होंने क्वालिटी एश्योरेंस पर पावर प्वांइट प्रस्तुती भी दिया। श्री गौरव, सहायक निदेशक (एमएसएमइ-विकास कार्यालय, रांची ) द्वारा खरीद एवं विपणन सहायता योजना तथा जेड योजना पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से जेम पोर्टल पर पंजीकरण कर सरकारी विभागों में हो रही खरीद के अधिकतम हिस्से के आपूर्तिकर्ता बनने के लिए प्रेरित किया। राजेश प्रसाद, सचिव, संकल्प उद्यम शक्ति, बियाडा, बोकारो, कुंदन उपाध्याय, जेएसटीबीइए, बोकारो, मुकुट तिर्की, टिक्की, बोकारो के साथ-साथ बोकारो चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज, एससी एसटी उद्यमी विकास संघ, बोकारो के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव सभा में उपस्थित सभी प्रतिभागियों के साथ साझा किया एवं सभी उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। दूसरे सत्र में श्री किशोर रजक, जिला समंवयक, मुख्यमंत्री लघु कुटीर बोर्ड ने झारखंड सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। प्रश्न-उत्तर सत्र में गौरव, सहायक निदेशक द्वारा एमएसएमइ उद्यमियों के शंकाओं का उचित समाधान एवं मार्गदर्शन किया गया। इस संगोष्ठी का समापन अपराह्न हुआ।

# छेड़खानी को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट और पथराव, पुलिस ने किया कैंप





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पुटकी थाना क्षेत्र के पासी धौड़ा और ऊपर धौड़ा के रहने वाले दो गुटों में गुरुवार को आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट एवं पत्थरबाजी की घटना हुई जिसमें एक दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पुटकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और उपद्रव कर रहे लोगों को खदेड़ स्थिति को नियंत्रण में लिया। वहीं घायलों को इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। वही दोनों बस्तियों में व्याप्त तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र में कैंप किया है।

### महिलाओं ने कहा, जानबूझकर विवाद उत्पन्न किया गया

घटना में घायल इलाजरत महिलाओं ने बताया की क्षेत्र के दबंगों ने जानबूझकर विवाद उत्पन्न करते हुए मारपीट एवं घरों में पथराव की घटना को अंजाम दिया है। पूर्व में दबंगों के द्वारा नदी में स्नान कर रही महिलाओं से छेड़खानी की जाती थी, जिसको लेकर विरोध जताया गया था। उसी का खुन्नस निकाला गया है।

## धूमधाम से मना मां तारा मंदिर का 13वां स्थापना दिवस



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को धनबाद के हाउसिंग कॉलोनी स्थित मां तारा मंदिर का 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुबह में मंदिर के पुजारी मातृ साधक तपन बाबा ने विधि विधान से मां तारा की पूजा अर्चना की। मां तारा के दर्शन करने पहुंचे भक्तों के बीच खीर का भोग प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी मातृ साधक तपन बाबा ने बताया वर्ष 2011 में मंदिर की स्थापना हुई थी। स्थापना काल से ही वे यहां मंदिर में मां तारा की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा साथ ही दर्शनीय विद्युत सज्जा की गई। इस अवसर पर मां प्रेम शिला देवी, मंदिर के पुजारी मात साधक तपन बाबा, पप्पू गुप्ता, धीरज जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, जया जयसवाल, अमित, रोशन सिंह, राणा, जेपी कुमार, विजय ठाकुर, दीपू सिंह, बंटी सिंह, मयंक गुप्ता, निखिल गुप्ता, ज्योति गुप्ता, शोभा देवी आदि लोग उपस्थित थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


### जनसमस्याओं को लेकर जिला 20 सूत्री समिति का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला

## 28 फरवरी से क्रमबद्ध रूप में सभी प्रखंड अंचल कार्यालयों में लगेगा जनता दरबार



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जनसमस्या निराकरण को लेकर गुरुवार को धनबाद जिला बीस-सूत्री कार्यक्रम कार्यांवयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद उपायुक्त से मिला। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने उपायुक्त से कहा कि जिले के हरेक प्रखंड में मोटेशन संबंधित हजारों आवेदन छह-छह महीना से लंबित है। सभी अंचल-प्रखंड कार्यालय के संबंधित अधिकारी, पदाधिकारी समय पर कार्यालय में नहीं बैठते हैं और कुछ पदाधिकारी शाम को 4 बजे बैठकर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं, धनबाद जिला में ग्रीन कार्डधारियों को कुछ महीनों से राशन आवंटन नहीं हो रही है। सभी मामलों से अवगत होने के बाद उपायुक्त संदीप कुमार ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि अति शीघ्र सभी बिंदुओं पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की जायेगी। कहा की कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। वही राशन आवंटन के बाद जिले के सभी ग्रीन कार्ड धारियों को राशन उपलब्ध कराया जायेगा। इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष ने उपायुक्त को सूचित करते हुए बताया कि धनबाद जिला बीस-सूत्री के द्वारा आगामी 28 फरवरी 2023 से जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर सभी प्रखंड-अंचल कार्यालयों में जनता दरबार लगायी जायेगी। जिसकी शुरूआत गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय से होगी। मौके पर धनबाद जिला बीस-सूत्री के सदस्य सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शमशेर आलम, जहीर अंसारी, आशिफ रजा, सुजीत कुमार, भुवन रवानी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राज्य सरकार की रोजगार नीतियों की अनदेखी कर रहा है बीसीसीएल प्रबंधन: अजय

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल प्रबंधन राज्य सरकार की नीतियों की अनदेखी कर रही है। परियोजना प्रभावित विस्थापित रैयत व स्थानीय बेरोजगारों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। उक्त बातें झामुमो नेता अजय रवानी ने गुरुवार को बस्ताकोला में आहूत प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि एक और जहां झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के पिछड़े कमजोर व बेरोजगार को रोजगार से जोड़ने के लिए कई योजना धरातल पर ला रही है। वही ठीक इसके उलट धनबाद के विभिन्न कोलियरीयो में बीसीसीएल प्रबंधन, दबंग एवं पूंजीपतियों के इशारे पर जरूरतमंद बेरोजगार युवकों को रोजगार से वंचित रखने का साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के वार्ड पदाधिकारियों के द्वारा कुसुंडा क्षेत्र के धनसार तथा बस्ताकोला परियोजना पदाधिकारियों को 10सूत्री मांग सौंपा गया था। परंतु करीब 1 माह बीतने के बाद भी प्रबंधन की ओर से अब तक सकारात्मक पहल नहीं किया गया है। जिसको लेकर पार्टी के कार्यकताओं में भारी आक्रोश है। मांग में धनसार विश्वकर्मा प्रोजेक्ट में शुरू होने वाली नई आउटसोर्सिंग कंपनी में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 75प्रतिशत रोजगार स्थानीय को देने के लिए सहमति बनाने। बस्ताकोला परियोजना लोडिंग पॉइंट में शुरू होने वाले डीओ ट्रक लोडिंग कार्य में स्थानीय व रैयतदार ग्रामीण को रोजगार देना शामिल है। पार्टी कार्यकर्ता पूरे मामले पर वरीय पदाधिकारियों को सूचना देकर परियोजना का चक्का जाम करने का घोषणा शीघ्र करेंगे। वहीं उन्होंने आगामी 25 फरवरी को गोधर में आयोजित शहीद नेपाल रवानी के शहादत दिवस पर भारी संख्या में समर्थकों को पहुंचने का आह्वान किया। मौके पर मधुसूदन रजक,गणेश निषाद,धीरज रवानी, भोला पासवान,गोविंद पासवान,रेखा पासवान, किरण देवी,गुड़िया देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे.


**GOVT. OF JHARKHAND**
**CABINET SECRETARIAT & VIGILANCE DEPARTMENT**
**(CIVIL AVIATION DIVISION)**
STATE HANGAR, AIRPORT ROAD, HINOO, RANCHI- 834002.
email:- civilaviation.jhr@gmail.com; govtflyops@gmail.com
Telefax:- 0651-2250319, 2251090

*Ref. No.-108* *Date:- 16/02/2023*

***Notice inviting e-Tender***

| | |
|---|---|
| Tender reference number :- | CAD sec01/01-EST-26/2022/Cabinet /107 |
| Name of Work :- | Cleaning, Housekeeping and Maintenance work at State Hangar, Ranchi, Jharkhand. |
| Earnest Money Deposit(EMD) (in INR) :- | Rs. 1,00,000/- (Rupees One Lakh Only) |
| Tender fee (in INR) :- | Rs. 2,000/- (Rupees Two Thousand Only) |
| Publish of Tender on website :- | 17/02/2023; 10:00 AM |
| Start of Downloading Tender Documents :- | 17/02/2023; 10:00 AM |
| Start of Submission of e-bids :- | 17/02/2023; 10:00 AM |
| Closing of Submission of e-bids :- | 12/03/2023; 11:30 AM |
| Closing of Submission of hard copy of EMD and Tender fee :- | 13/03/2023; 11:30 AM |
| Opening of Technical Bids :- | 13/03/2023; 03:00 PM |
| Opening of Financial Bids :- | 15/03/2023; 03:00 PM. |
| Address for submission of hard copy of EMD and tender fee:- | Capt. S. P. Sinha, Director (Ops.), Civil Aviation Division, State Hangar, Airport Road, Hinoo, Ranchi, Jharkhand. Pin :- 834002 |
| Contact Number :- | 0651-2250319 / 9431114196 |

For further details and application please visit jharkhandtenders.gov.in

(Capt. S P Sinha)
Director (Ops)
Civil Aviation Division

PR 290519 (Civil Aviation) 22-23 (D)



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़**
**(निर्वाचन शाखा)**
दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

-:: आदेश ::-

मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–629, दिनांक–14.02.2023 द्वारा 23–रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव, 2023 के अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों को "तम्बाकू मुक्त क्षेत्र" घोषित किया गया है। उक्त के आलोक में तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम–2003 (COTPA-2003) के प्रावधानों के अनुसार 23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत नामित सभी मतदान केन्द्रों पर पूर्णतः धुम्रपान निषेध क्षेत्र घोषित करते हुए आदेश दिया जाता है कि 23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत सभी 405 मतदान केन्द्रों में किसी भी प्रकार का तम्बाकू पदार्थ यथा सिगरेट, बीड़ी, खैनी, गुटखा, पान मसाला इत्यादि के उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

मतदान केन्द्र परिसर क्षेत्र में कोई भी पदाधिकारी, कर्मचारी या आगन्तुक उक्त नियम का उल्लंघन करते हुए पाए जाते हैं तो तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम–2003 की धारा–4 के अनुसार 200/– (दो सौ) रूपये तक का जुर्माना किया जाएगा। इसकी वसूली हेतु अपर समाहर्त्ता –सह– विशेष नोडल पदाधिकारी, तम्बाकू नियंत्रण को उल्लंघनकर्त्ताओं को दण्डित करने हेतु विशेष पदाधिकारी नामित किया जाता है।

यह आदेश सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया के दौरान लागू होगा।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, रामगढ़

PR 290441 Election (22-23)_D



**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी**

ई० प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

**T. Reference No. :- DWSD/KH-14(CLUS/SVS)/2022-23 (3rd Call),** **Date 16.02.2023**

| Sl. No. | Name of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Solar based Mini Pipe Water Supply Scheme (SVS) in different Block comprising of suitable R.C.C./Framed Structure ESR distribution line sources (as required) and FHTC all complete job in the different blocks of District - Khunti under D.W. & S. Division, Kh unti. | | | | | |
| | Cluster Name | Block | Estimated Cost (Lakh) | Bid Security (Lakh) | Cost of BOQ (Rs) | Time of Completion |
| 1 | 19 | Rania | 580.24 | 5.81 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 2 | 22 | Karra | 550.87 | 5.51 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | 17.02.2023/05.00 PM. | | | | |
| C) | Bid Submission Start Date | 17.02.2023/05.00 PM. | | | | |
| D) | Bid Submission End Date | 24.02.2023/05.00 PM. | | | | |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 25.02.2023 up to 05.00 PM. | | | | |
| F) | Date of Opening of Tender | 27.02.2023/11.00 AM. | | | | |
| G) | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | | |
| H) | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | | |
| I) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | | |
| J) | Helpline No. of e-procurement cell | 06528-299928, Mo. No.- 7717776462 | | | | |

नोटः– निविदा की राशि घट/बढ़ सकती है एवं विशेष जानकारी के लिये वेबसाईटः–http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 290528 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D


# पुटकी में आयोजित हुआ जनता मजदूर संघ का मिलन समारोह

# सैकड़ों युवाओं ने थामा संघ का दामन, रागिनी पर जताया विश्वास





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/पुटकी।** पुटकी स्थित गोपाली चक कॉलोनी में आयोजित जनता मजदूर संघ मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जनता मजदूर संघ की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह उपस्थित हुई। जहां सैकड़ों युवाओं ने रागिनी सिंह पर अपनी आस्था व्यक्त करते हुए बिट्टू उपाध्याय के नेतृत्व में जनता मजदूर संघ का दामन थामा। इस दौरान युवा साथियों व महिलाओं ने श्रीमती सिंह का गाजे बाजे पटाखों एवं पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान रागिनी सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक बीसीसीएल प्रबंधन लोगों को सुरक्षित जगह नहीं मुहैया कराती, प्रबंधन को काम नही करने दिया जायेगा। जनता मजदूर संघ मजदूर हित की लड़ाई में हमेशा आगे रहती है और आगे भी मजदूर हित में जो भी करना होगा उसके लिए संघ का एक-एक कार्यकर्ता इसके लिए प्रयासरत रहेगा। मैं संघ में शामिल हुए उन तमाम युवा साथियों को भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं। साथ ही जब भी मेरी जरूरत होगी आप मुझे अपने पास पायेंगे।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिट्टू उपाध्याय, विक्की जयसवाल, हैप्पी सिंह, बृज मोहन मिश्रा, गौतम रवानी, अप्पू जायसवाल, सौरभ अग्रवाल, दीपक सिंह, रोशन सिंह, अंशु खंडेलवाल, सुमित यादव, सुभाष पासवान, नीरज पासवान, मुकेश पासवान के अलावा सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग),**
**झारखण्ड सरकार,**
**कार्यालय,पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान,काँके,राँची–834006**
**(OFFICE OF THE INSTITUTE OF ANIMAL HEALTH & PRODUCTION KANKE, RANCHI – 834006)**
**Email id – iahp.kankeranchi@yahoo.com**

निविदा संख्या – 04/2022–23

"पक्षियों के लिए रानीखेत टीकौषधि हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना"

विभागीय राज्यादेश संख्या 19 रा० (वि०) दिनांक 17.08.2022 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में स्वीकृत पशुधन रोगों को कमबद्ध ढ़ंग से नियंत्रित करने की योजना अन्तर्गत पक्षियों के लिए (1.) रानीखेत 'एफ' स्ट्रेन टीकौषधि (26,00,000 खुराक) एवं (2.) रानीखेत 'आर टु बी' स्ट्रेन टीकौषधि (3,00,000 खुराक) के कय हेतु अनुज्ञप्तिधारी सरकारी प्रतिष्ठानों/गैर सरकारी निर्माताओं/अधिकृत विक्रेताओं (डिस्ट्रीब्यूटर्स) से मुहरबंद टंकित निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा से संबंधित मुख्य तिथियाँ :–**

1. निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 27.02.2023 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
2. निविदा के तकनीकी बीड के खुलने की तिथि 28.02.2023 को 12:00 बजे मध्याह्न।
3. निविदा की वित्तीय बीड खोलने की तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी।
4. निविदा दस्तावेज का मूल्य 2000/– रुपये (दो हजार) रुपये है, जो अप्रत्यार्पणीय है। निविदा दस्तावेज अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से नगद भुगतान नाजीर रसीद के माध्यम से दिनांक 25.02.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि अन्तर्गत प्राप्त किया जा सकेगा। डाउनलोडेड निविदा दस्तावेज भी उक्त भुगतान के आधार पर मान्य होगा।
5. निविदा से संबंधित सूची कार्यालय सूचनापट्ट एवं विभागीय वेबसाईट (http://Jharkhand.gov.in/agriculture) पर देखी जा सकती है।

**पशु टीकौषधियों की सूची :–**

1. रानीखेत 'एफ' स्ट्रेन भैक्सीन–( 200 डोज भायल) – दर प्रति खुराक
2. रानीखेत 'आर टु बी' स्ट्रेन– भैक्सीन (100 डोज भायल) – दर प्रति खुराक

ह०/–
निदेशक,
पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान,काँके, राँची

**PR 290474 Animal Husbandry(22-23).D**

# मुख्यमंत्री ने किया राज्यस्तरीय वार्षिक कृषि महोत्सव 'कृषि ओड़िशा' का शुभारंभ

## कृषि मशीनीकरण और फसल विविधीकरण पर जोर दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज स्थानीय बरामुंडा मैदान में राज्यस्तरीय वार्षिक कृषि महोत्सव 'कृषि ओड़िशा' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कृषि मशीनीकरण और फसल विविधीकरण पर जोर दिया और किसानों को नयी तकनीकों का उपयोग करने और अधिक आर्थिक फसलें उगाने की सलाह दी। कृषि एवं किसान सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित कृषि ओडिशा-2023 आज से 18 तारीख तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक विकास का आधार है। कृषि के क्षेत्र में भी तकनीक की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष का मेला कृषि के क्षेत्र में नई तकनीक के उपयोग पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि सभी किसान नयी तकनीक के बारे में जानेंगे, इसका उपयोग करेंगे और कृषि के क्षेत्र में सफल होंगे और अपने और अपने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कृषि और किसानों का विकास मो सरकार का सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। आज ओड़िशा कृषि के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि हम खाद्यान्न की कमी वाले राज्य से खाद्यान्न में अधिशेष राज्य होने और पूरे देश की सार्वजनिक वितरण प्रणाली को चावल की आपूर्ति करने वाले राज्य बन गये हैं। उन्होंने कालिया योजना से किसानों को रोजगार की सुरक्षा मिलने की बात कहते हुए कहा कि कृषि यंत्रीकरण पर जोर देकर फसल उत्पादकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पनस (कठल) मिशन, छटू मिशन जैसे स्वतंत्र मिशनों के माध्यम से किसानों की आजीविका और पोषण सुरक्षा को महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे मिलेट मिशन ने आज पूरे देश और दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है, उन्होंने कहा कि इससे हमारे मिशन शक्ति मां की आय बढ़ाने में भी मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने 'कृषि ओडिशा' में मौजूद डब्ल्यूएफपी, आइएफएडी और एफएओ जैसे संगठनों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उन्हें कृषि के क्षेत्र में निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रणेन्द्र प्रताप स्वाई ने अपना भाषण दिया और कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में कृषि विभाग ने कई अभिनव कदम उठाए हैं।

### किसानों की आय में भी वृद्धि की गयी

उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में ओड़िशा मछली, मांस, अंडे और दूध के उत्पादन में आत्मनिर्भर हुआ है और किसानों की आय बढ़ाने में कृषि संबंधी कार्यक्रमों को महत्व देकर उनकी आय में भी वृद्धि की गई है। ओड़िशा कौशल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुब्रतो बागची, अतिरिक्त मुख्य प्रशासनिक सचिवअनु गर्ग ने प्रमुख विभागीय कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। कृषि एवं कृषक अधिकारिता विकास प्रमुख सचिव डॉ. अरविंद पाढ़ी ने स्वागत भाषण दिया और निदेशक प्रेमचंद चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# शिशु के कैंसर का इलाज संभव है अगर सही समय पर पता चल जाये और इलाज हो जाये: विशेषज्ञ

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** कैंसर से पीड़ित बच्चों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है, अगर जल्दी पता चल जाए, प्रोफेसर (डॉ) सरोज पंडा बाल चिकित्सा ऑन्कोलॉजी और हेमेटोलॉजी यूनिट के प्रमुख, आयुर्विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल ने बुधवार को कहा। अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस समारोह के अवसर पर प्रोफेसर पंडा ने कहा कि बच्चों में कैंसर के उपचार के दौरान वयस्कों की तुलना में बहुत कम दुष्प्रभाव होते हैं और उनका उपचार बेहतर परिणाम देता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अक्सर ल्यूकेमिया या ब्लड कैंसर होता है, जिसका इलाज संभव है। प्रोफेसर पंडा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में, आइएमएस और सम अस्पताल में इलाज के लिये आये 1,100 बच्चों में कैंसर का निदान किया गया था, और उनमें से 800 का इलाज मेडिकल टीम द्वारा किया गया था। इनमें से अब तक 450 मरीजों का सफल इलाज किया जा चुका है, जबकि 210 बच्चों का अभी इलाज चल रहा है। चूंकि ये 450 बच्चे कैंसर से मुक्त हैं, इसलिए वे स्वस्थ जीवन जी सकते हैं, उन्होंने कहा कि कैंसर रोगियों की कुल संख्या में 5 प्रतिशत बच्चे हैं। बच्चों में होने वाले अन्य कैंसर में लिंफोमा, ब्रेन ट्यूमर, बोन ट्यूमर, किडनी और लीवर ट्यूमर और रेटिनोब्लास्टोमा (आंख ट्यूमर) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी और सर्जरी से इसका इलाज किया जाता है। प्रोफेसर पंडा ने कहा, ₹एक बार इलाज शुरू हो जाने के बाद, बच्चों को ठीक होने में 6 महीने से 2 साल तक का समय लगता है और इलाज की लागत लगभग 50,000 रुपये से 5 लाख रुपये होती है। देश में 25 प्रशिक्षित बच्चे कैंसर विशेषज्ञ हैं, जिनमें से 4 ओडिशा में हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से 2 आइएमएस एंड सम अस्पताल में कार्यरत हैं और इस अस्पताल में बच्चे के कैंसर के इलाज की सभी सुविधायें एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में लगभग 100 बच्चे और उनके माता-पिता शामिल हुए थे जो कैंसर से ठीक हो चुके हैं या जिनका अभी इलाज चल रहा है, जाने-माने हास्य कलाकार तत्व प्रकाश शतपथी उर्फ पुपु पमपम ने अपने अभिनय से बच्चों का मनोरंजन किया, वहीं जीवन मिश्र ने जादू की प्रस्तुति दी और नृत्य पेश किया गया।

# किट में मेगा रक्तदान शिविर, एक दिन में रिकॉर्ड 4030 यूनिट रक्त एकत्रित किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 15 फरवरी को चल रहे रजत जयंती समारोह के हिस्से के रूप में किट डीयू द्वारा आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में किट परिवार के 4030 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। शिविर का आयोजन किट इनडोर स्टेडियम में किया गया था, जिससे यह उत्सव का एक नया मिशाल बन गया। यह आयोजन किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के दिमाग की उपज था। सामंत ने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह रक्तदान शिविर बेहद सफल होगा और पूरे ओड़िशा में लोगों की मदद करेगा। शिविर को जोड़ना विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह के चल रहे स्मरणोत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया है। लोग सुबह-सुबह ही स्टेडियम में रक्त दाताओं के रूप में पहुंचे थे और इस नेक काम में शामिल हुए थे। ब्लड बैंक की टीमों एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, कैपिटल अस्पताल, सेंट्रल रेड क्रॉस ब्लड बैंक, कटक और जाजपुर, ढेंकनाल, केंद्रापड़ा और पुरी के जिला अस्पतालों की ब्लड बैंक टीमों ने शिविर में रक्त एकत्र किया।




# मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक का संबलपुर मंडल में आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**संबलपुर।** 52वीं मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डीआरयूसीसी) की बैठक 16 फरवरी 2023 को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने की। श्री सिंह ने अपने उद्घाटन भाषण में सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि डीआरयूसीसी सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को मंडल द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। श्री सिंह ने संबलपुर मंडल में पूरी हो चुकी परियोजनाओं और चल रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में डीआरयूसीसी सदस्य सुनील कुमार वर्मा, गोपाल प्रसाद अग्रवाल, गोपबंधु सत्पथी, अरुण कुमार मुखर्जी, मनोरंजन साहू, कृष्ण चंद्र पांडा, मदन मोहन प्रुस्ति, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, ब्रजबंधु साहू, भोजनाथ देवांगन, निशांत कुमार दीक्षित, गोबिंद प्रसाद अग्रवाल, लिप्सित मिश्रा और बिष्णु प्रसाद केडिया ने भाग लिया और संबलपुर मंडल की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों के संबंध में बहुमूल्य राय दी। बैठक में संबलपुर के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह और अन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया। संबलपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक और डीआरयूसीसी के संयोजक संबित सौरव नायक ने बैठक का समन्वय किया।

## ओड़िशा में नेता विपक्ष ने महिला इंस्पेक्टर को धक्का मारा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के संबलपुर में राज्य की बदहाल कानून व्यवस्था के विरोध में कलेक्टर के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे राज्य के नेता विपक्ष जयनारायण मिश्रा ने महिला पुलिस इंस्पेक्टर को धक्का दे दिया। इस विवाद का वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना के बाद दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत दर्ज करायी गई है। इंस्पेक्टर प्रधान ने बताया–जब भाजपा कार्यकर्ता कलेक्टर के परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे थे, तब मैंने कार्यकर्ताओं को रोकने की कोशिश की। इस दौरान जयनारायण मेरे सामने आये और पूछने लगे की मैं कौन हूं। जब मैंने अपनी पहचान बताई तो उन्होंने मुझ पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया और मुझे डकैत कहा। मैंने जयनारायण से पूछा की वह मुझ पर ऐसे आरोप क्यों लगा रहे हैं तो उन्होंने मेरा चेहरा पकड़ कर धक्का दे दिया। भाजपा विधायक और विधानसभा में नेता विपक्ष जयनारायण मिश्रा ने अपने ऊपर लगे आरोप को खारिज कर दिया।













## सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल को एम्स को हस्तांतर करने की मांग

# निजी संस्था के साथ अनुबंध का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राउरकेला प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद राउरकेला में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना की गयी है। तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने 21 मार्च 2021 को अस्पताल का उद्घाटन किया था। अब इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को चलाने के लिए घरोई संस्था को शेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के साथ चुक्ति किया है। जिसका राउरकेला नागरिक सुरक्षा कमिटी ने विरोध किया है। कमिटी ने मांग की कि व्यावसायिक विचारों के बिना सरकारा को एम्स को चलाने की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। खबरों के मुताबिक, नरेंद्र मोदी की घोषणा के बाद राउरकेला स्टील जनरल हॉस्पिटल (आइजीएच) के परिसर में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाया गया था। भले ही कुछ विभागों को बाद में चालू कर दिया गया, लेकिन केंद्र सरकार ने जिस उद्देश्य से इस अस्पताल का निर्माण किया था, वह लक्ष्य से बहुत दूर है। आखिरकार शेल ने इस अस्पताल को चलाने के लिए एक निजी अस्पताल (आपोलो) के साथ चुक्ती किया है। निजी कंपनी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल आगामी एक मार्च से इसे चालू करने जा रहा है। राउरकेला नागरिक सुरक्षा कमिटी ने इसका विरोध किया है। कमिटी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि केंद्र सरकार के खजाने से 400 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये गये। यदि गरीब लोग सरकारी अस्पतालों में कम कीमत पर इलाज करा सकते हैं, कमिटी ने केंद्र सरकार के साथ सेल को इस फैसले को तुरंत वापस लेने और इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को एम्स को सौंपने की मांग की। कमिटी ने यह भी कहा कि अगर अस्पताल एम्स को सौंप दिया जाता है तो सामान्य वर्ग के मरीजों को कम खर्च में बेहतर इलाज मिल सकेगा। एक प्रेस कांफ्रेंस में, कमिटी ने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो पूरे राउरकेला के लोग इसके खिलाफ बड़े पैमाने पर आंदोलन के साथ राजमार्ग पर उतरेंगे।


## पीएम ने जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं के विकास पर दिया जोर, बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

**गोरखपुर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को निखारने की जरूरत पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इसके लिए पूरी तरह तत्पर उनकी सरकार ने वर्ष 2014 के बाद से खेल मंत्रालय के बजट को बढ़ाकर तीन गुना कर दिया है। प्रधानमंत्री ने 'सांसद खेल महाकुंभ' के समापन समारोह को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें निखारने की जरूरत है। सरकार इस दिशा में अनेक प्रयास कर रही है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**